तापमान

अधिकतम 16.0 डिग्री
न्यूनतम 6.0 डिग्री

हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि

रोहतक, शुक्रवार, 12 जनवरी 2024



10 पौष अमावस्या पर श्रद्धालुओं ने पिंडदान कर किया तर्पण





10 एफएलएन गतिविधियों का लिया जायजा




## खबर संक्षेप

### अवैध हथियार के साथ एक युवक गिरफ्तार

**जींद।** सीआईए स्टाफ ने गांव बीबीपुर के निकट एक युवक को काबू कर उसके कब्जे से एक पिस्तौल तथा एक जिंदा कारतूस बरामद किया है। सदर थाना पुलिस ने पकडे.गए युवक के खिलाफ शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।
सीआईए स्टाफ को सूचना मिली थी कि गांव बीबीपुर के निकट एक युवक अवैध असलहा के साथ खड़ा हुआ है।

### फैक्ट्री से लाखों रुपये का सामान चुराया

**कैथल।** सिविल लाइन पुलिस ने फैक्ट्री से लाखों का सामान चोरी करने के आरोप में दो व्यक्तियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। इस संबंध में खनोरी रोड कैथल के परमजीत सिंह ने शिकायत में आरोप लगाया है कि 8 को सीवन गेट का अनिकेत और नितिन उसकी फैक्ट्री से करीब 1 लाख का सामान चुरा कर ले गए।

### पशु की टक्कर से स्कूटी सवार की मौत

**जींद।** गांव निडाना के निकट लावारिसस पशु ने स्कूटी सवार व्यक्ति को टक्कर मार दी। जिसमें स्कूटी सवार व्यक्ति की मौत हो गई। जुलाना पुलिस ने मृतक के शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया है। जुलाना थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### महिला से दुष्कर्म कर लाखों के जेवरात छीने

**कैथल।** चीका पुलिस ने एक महिला के साथ दुष्कर्म करने और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में दो व्यक्तियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। चीका क्षेत्र के तहत आने वाले गांव की एक महिला ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया है कि 1 जनवरी को अनूप सिंह और मनीष निवासी बालबेड़ा ने जबरन गलत काम किया तथा उसे जान से मारने की धमकी देते उसकी सोने की चेन वह अन्य जेवरात छीन कर ले गए।

### युवती संदिग्ध हालात में लापता, शिकायत दर्ज

**जींद।** शर्मा नगर से युवती के गायब होने पर शहर थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ बंधक बनाने का मामला दर्ज किया है।
शर्मा नगर निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत दिवस उसकी बेटी कालेज में पढ़ने के लिए घर से निकली थी। जिसके बाद घर वापस नहीं लौटी। तलाशने तथा पूछताछ करने पर उसका कोई सुराग नहीं लगा।

### आटो रिक्शा के किराये को लेकर मारपीट

**कैथल।** ऑटो रिक्शा के किराए को लेकर कस्बा पुंडरी में हुई मारपीट में दो युवक घायल हो गए। उन्हें अस्पताल में दाखिल करवाया गया है। इस संबंध में फरल के राहुल ने पुंडरी पुलिस को देश में आरोप लगाया है कि वह 10 जनवरी को अपने एक दोस्त को लेने के लिए पुंडरी के बस स्टैंड पर ऑटो से आया था। उसके पास खुला पैसे नहीं थे तो उसने ऑटो चालक को गूगल पे के माध्यम से किराए देने की बात की।

### घर में घुसकर मारपीट करने का आरोप

**जींद।** हनुमान नगर में प्रॉपर्टी विवाद में घर में घुस कर मारपीट करने पर शहर थाना पुलिस ने दो लोगों को नामजद कर लगभग 25 अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया है। हनुमान नगर निवासी शमशेर ने पुलिस को शिकायत में बताया कि उसका भाई शमशेर के साथ प्रॉपर्टी को लेकर विवाद चला आ रहा है।

### सीएलजी सदस्यों को उचित दिशा निर्देश दिए

**कैथल।** पुलिस अधीक्षक उपासना ने वीरवार को थाना शहर स्थित समाजसेवी संस्था कम्यूनिटी लाईजन ग्रुप (सीएलजी) के कार्यालय में पहुंचकर संस्था के पास आने वाली शिकायतों की प्रगति रिपोर्ट हासिल करते सीएलजी सदस्यों को उचित दिशा निर्देश दिए गए।

**स्वच्छता सर्वेक्षण 2023: स्वच्छता के मामले में देश की रैंकिंग में जींद 300 पार पहली बार**

# हर महीने करोड़ों खर्च, जींद प्रदेश में 16 से 17 पर, कैथल 14 से लुढ़ककर 18 नंबर पर पहुंचा

**जींद ▸▸ प्रदेश में एक अंक की गिरावट तो देश में 89 अंकों की कैथल ▸▸ 177वें नंबर से 365वें पायदान पर पहुंचा**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जींद

जीद शहर स्वच्छता के मामलों में पिछड़ता जा रहा है। साल भर में स्वच्छता पर नप करोडों रुपये खर्च करती है जबकि साफ-सफाई पर हर माह नगर परिषद एक करोड़ से भी ज्यादा भुगतान नगर परिषद करती है। बावजूद इसके जींद देश के तीन सौ शहरों में भी स्वच्छता के मामले में स्थान नहीं बना पाया है। कभी प्रदेश की नगर परिषदों में अव्वल रहने वाला जींद अपनी रैंकिंग में लगातर गिरता जा रहा है। वर्ष 2023 में हुए स्वछता सर्वेक्षण में जींद शहर इस बार प्रदेश में 17वें स्थान पर पहुंच गया है। देश स्तर पर बात की जाए तो फिसल कर के 312वें पायदान आ पहुंचा है। यह गिरावट देश की रैंकिंग में 89 अंक हैं। 2022 मे देश की स्वच्छाता रैंकिंग में जींद 223वें पायदान पर था। जबकि प्रदेश में 16वें स्थान पर था। देश में स्वच्छा का सर्वे वर्ष 2016 मे शुरू किया गया था ताकि शहरी इलाकों मे स्वच्छता को बढावा मिले। शुरू आती दौर मे इस कार्य अच्छा हुआ बाद मे उसी ढर्रे पर लौट आए। वर्ष 2018 मे जीद की देश मे रेकिग 272 थी 2019 मे सुधार होकर 223 पर आ गया। 2020 मे स्वच्छता के मामले मे रैकिग सुधर कर 168 पर आ गई। 2021 मे फिर से रैकिग मे 195 पर जा पहुचा। जबकि स्वच्छता गिरने के कारण 2023 मे रैकिग गिर कर 223 पर पहुच गई। जबकि वर्ष 2023 स्वच्छता रैकिग मे गिर कर 312 वे पायदान पर पहुच गए। वर्ष 2022 तक जीद देश मे तीन सौ के पायदान से नीचे बना रहा लेकिन 2023 के सर्वेक्षण मे फिसल कर 312 वे पायदान पर आ गया है स्वछता के मामले मे जीद नगर परिषद कभी नगर परिषदो मे अव्वल थी। लेकिन अब प्रदेश की रैकिग मे भी पिछडता जा रहा है। साल 2022 के स्वच्छता सर्वेक्षण मे प्रदेशभर मे 16 वे पायदान पर था। जबकि 2021 के सर्वेक्षण मे 14 वे पायदान पर था। वर्ष 2023 के स्वच्छता सर्वेक्षण मे प्रदेश भर मे फिसल कर 17 वे पायदान पर आ गए है। स्वच्छता सर्वेक्षण मे कूडा उठाने शहर मे काम अच्छा हो रहा है। बाजार तथा रिहायशी इलाको मे अच्छा है। सार्वजनिक शौचालयो, सडक सफाई, ड्रेन सफाई जलघर सफाई नागरिको की समस्याए दूर करने मे पिछडा है। खुले मे कूडा डालने तथा जागरूकता के मामले मे भी काफी पीछे रहे है। जिसके आधार पर प्रदेश तथा देश स्तर पर रैकिग मे फिसल गए। नगर परिषद लगभग एक करोड़ से ज्यादा सफाई व्यवस्था पर खर्च करती है। साल भर की बात की जाए तो बजट बीस करोड़ से ज्यादा पहुंच जाता है।



**जींद।** शहर में दिखाई देती गंदगी। *फोटो :हरिभूमि*

### अब काम जोरों पर : चेयरमैन



नगर परिषद की चेयरमैन अनुराधा सैनी ने बताया कि जिस समय पिछले साथ सर्वेक्षण हुआ था, उस दौरान सड़के टूटी हुई थी। चीफ सैनट्री इंसपैक्टर का पद खाली था। शौचालयों समेत अन्य बुनियादी सुविधाओं में दिक्कत थी। अब सड़कों तथा गलियां पक्की करने का कार्य जोरों पर हैं। पार्कों को सुधारा जा रहा है। आगे जब सर्वेक्षण होगा। जींद स्वच्छता के मामले में अव्वल होगा।

### नगर परिषद जिम्मेदार : सुनील



जींद सुधार टीम के सुनील वशिष्ठ ने कहा कि जींद का दुर्भाग्य है कि करोडों रुपये शहर की साफ सफाई पर खर्च करने के बाद भी जींद स्वच्छता रैंकिंग में लगातार पिछड़ता जा रहा है। जबकि स्वच्छता के नाम पर बजट बढ़ता जा रहा है। जिसके लिए नगर परिषद को भी बडे कदम उठाने होंगे साथ लोगो को भी जागरूक होना होगा। रैंकिंग फिसलने के लिए नप जिम्मेदार है।

## स्वच्छता सर्वेक्षणः बुरी तरह से पिछड़ा कैथल

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कैथल

केंद्र सरकार की तरफ से वीरवार को स्वच्छता सर्वेक्षण 2023 का परिणाम जारी किया गया है। इस परिणाम में कैथल को देश में 365वां परिणाम मिला है। जबकि प्रदेश में कैथल नगर परिषद का 18वां रैंक है। कैथल नगर परिषद की इस सर्वेक्षण में सफाई को लेकर प्रदर्शन काफी फिसड्डी रहा है। पिछले वर्ष सर्वेक्षण के परिणाम में कैथल 177वें नंबर पर पूरे प्रदेश में रहा था, लेकिन इस बार यह फिसलकर 365वें पायदान पर पहुंचा हैं। इसी प्रकार से जिले की पूंडरी नगरपालिका को प्रदेश में 20वां और चीका नगर पालिका को 29वां स्थान मिला है। जबकि कलायत को 33वां और सीवन को 51वां व राजौंद को 56वां स्थान मिला है। जिस प्रकार से परिणाम जिले में नगर परिषद और पालिकाओं के आए हैं। उसके अनुसार अभी सफाई व्यवस्था में अधिक ध्यान देने की जरूरत है।

#### जगह-जगह लगे गंदगी के ढेर

भले ही नपा प्रशासन शहर में सफाई बनाने के कितने ही दावे कर रहा हो लेकिन इसके बावजूद अभियान में लोगों में सफाई के प्रति जागरूकता की कमी आड़े आ रही है। शहर किसी भी सड़क किनारे कचरे के ढेर आसानी से देखे जा सकते हैं।

## चालकों ने फिर रोके ट्रकों के पहिये

- चालकों ने कानून वापस लिए जाने तक हड़ताल का किया ऐलान

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जींद

हिट एंड रन संशोधन बिल वापस लेने के विरोध में एक बार फिर से ट्रक चालकों ने आंदोलन की राह पकड़ी है। कानून वापस लिए जाने तक हड़ताल का ऐलान चालकों द्वारा किया गया है। जींद ट्रक यूनियन का दावा है कि हड़ताल के चलते ही जिले के 500 से 'यादा ट्रकों के पहिए फिर से थम गए हैं। ट्रकों की हड़ताल का असर फिर से सामान ढुलाई पर पड़ने की आशंका से इंकार नहीं किया जा सकता। गौरतलब है कि इससे पहले भी नए साल की शुरुआत में ही इस कानून के विरोध में ट्रक व प्राइवेट बस ऑपरेटर हड़ताल पर उतर आए थे और फल व सब्जियों के साथ-साथ पेट्रोल व डीजल की भी पंपों पर किल्लत हो गई थी। बाद में कानून वापस लिए जाने के हवाले पर हड़ताल खत्म हो गई थी। वीरवार सुबह ही खटकड़ टोल पर एकत्रित हुए। ट्रक यूनियन के प्रधान कृष्ण चहल व मुंशी अनिल कुमार ने कहा कि सरकार से कानून लागू नहीं करने को लेकर गुमराह किया है। जबकि यह कानून लागू किया जा रहा है।



**जींद।** 19 हडताल के चलते खड़े ट्रक। *फोटो :हरिभूमि*

## पटवारियों ने 9वें दिन भी रखी हड़ताल जारी

- पटवारियों की हड़ताल से बढ़ने लगी आमजन की परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जींद

द पटवार एंड कानूनगो एसोसिएशन के आह्वान पर वीरवार को 9वें दिन भी पटवारियों की हड़ताल जारी रही। हडताल की अध्यक्षता सफीदों के कानूनगो संजय कुमार ने की। मंच संचालन जिला सचिव अमरदीप श्योकंद ने किया। वहीं नौ दिन तक चले धरने के दौरान सरकार द्वारा पटवारियों व कानूनगो को वार्ता के लिए नहीं बुलाने पर धरना स्थल पर पटवारियों ने नारेबाजी कर रोष जताया। संजय कुमार ने कहा कि कहा कि अगर सरकार ने पटवारियों के प्रति सकारात्मक रवैया नहीं अपनाया तो वह हड़ताल को आगे बढ़ा सकते हैं। गुरुवार को रजिस्ट्री के लिए टोकन कटे, जिसमें से रजिसट्रियां हुई। पटवारियों व कानूनगो ने कहा कि पटवारियों की हड़ताल के चलते डोमिसाइल, इंतकाल, जमीन नक्शा, आय प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र व रिहायशी प्रमाण पत्र का काम लंबित चल रहा है। जिससे लोग परेशान हो रहे हैं। धरनारत पटिवारियों ने कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा बढ़ाए गए वेतनमान का नोटिफिकेशन जारी नहीं किया गया है। जबकि राजस्व विभाग द्वारा इस मामले में अपनी संतुष्टि दे दी गई थी। प्रदेशभर में पटवारी की संख्या जहां चार हजार के आसपास होनी चाहिए थी, अब मात्र 1400 पटवारी ही काम कर रहे हैं। इससे पटवारियों पर काम का अत्यधिक बोझ बढ़ गया है। 2019 से गिरदावरी कंप्यूटर सहायक का पैसा आजतक भी नहीं मिला है। वहीं पटवारी की गिरदावरी का समय डेढ़ महीना किया जाए ताकि पटवारी गिरदावरी समय से कर सकें। सरकार जल्द से जल्द पटवारियों की मांग को पूरा करें।

### पटवारियों की हड़ताल से लोगों के काम प्रभावित

**राजौंद।** पटवारियों की हड़ताल के चलते सैकड़ो लोगों का कार्य प्रतिदिन प्रभावित हो रहा है। बता दें कि राजौंद सर्कल में 6 पटवारियों की पद रिक्त पड़े हैं। जबकि चार पटवारी पूरे 10 सर्कलों का कार्य देख रहे थे। लेकिन अब 10 दिनों से पटवारी भी हड़ताल में शामिल हैं। जिससे प्रतिदिन सैकड़ो लोगों का कार्य प्रतिदिन प्रभावित हो रहा है। राजौंद में पटवारियों के कार्यालयों पर लटके हैं। गुलियाना के कुलदीप कुंडू ने बताया कि उसकी 20 जनवरी को ऑस्ट्रेलिया के लिए फ्लाइट है। उसने अपनी जमीन की वैल्यू तस्दीक करवानी है व जमीन का इंतकाल विरासत इत्यादि कार्य करवाना था। लेकिन वह कई दिनों से चक्कर काट रहा है उसका कार्य नहीं हो रहा। ऐसे कई अन्य लोग हैं जो प्रतिदिन अपने कार्य के लिए आते हैं और पटवारियों के कमरों पर लटके ताले देखकर लौट जाते हैं। उप तहसील राजौंद सर्कल के प्रधान बलविंदर, सत्यदेव, सुरेंद्र कुमार, ने बताया कि सरकार ने मांगे नहीं मानी तो यह हड़ताल कल के बाद अनिश्चित कालीन के लिए शुरू हो जाएगी।



**कैथल।** सीटीएम गुरविंद्र सिंह समारोह स्थल का दौरा करते। *फोटो :हरिभूमि*

### गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियां पूरी करने के निर्देश

**कैथल।** सीटीएम गुरविंद्र सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस समारोह को भव्य ढंग से मनाने के लिए सभी संबंधित विभाग समय रहते तैयारियां पूरी करें। यह हमारा राष्ट्रीय पर्व है और इसे इसी के अनुरूप मनाया जा रहा है। समारोह स्थल के साथ-साथ शहर में विशेष सफाई अभियान चलाया जाए। सीटीएम गुरविंद्र सिंह गणतंत्र दिवस मनाने को लेकर पुलिस लाईन मैदान, शहीद स्मार व शहर का दौरा करने के दौरान अधिकारियों को निर्देश दे रहे थे। सीटीएम गुरविंद्र सिंह ने कहा कि 26 जनवरी का कार्यक्रम पुलिस लाईन मैदान में आयोजित होगा। मुख्य अतिथि द्वारा सुबह 10 बजे ध्वजारोहण किया जाएगा। इससे पहले मुख्य अतिथि द्वारा शहीद स्मारक पर जाकर अमर शहीदों को पुष चक्र भेंट कर श्रद्धांजलि दी जाएगी समारोह में ध्वजा रोहण के बाद परेड निरीक्षण होगा। फिर मुख्यातिथि का जिला वासियों के नाम संबोधन होगा। उसके बाद मार्च पास्ट होगा। फिर स्कूली बच्चों द्वारा सूर्य नमस्कार व योगा की प्रस्तुति होगी।

## लोगों ने लिया गुनगुनी धूप का आनंद

- मौसम का ठंडा रहना तथा धूप का खिलना फसलों के लिए फायदेमंद

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जींद

दोपहर तक हाड जमा देने वाली ठंड से कंपकपी छुटती रही तो बाद में खिली धूप ने लोगों को राहत दी है। लोगों ने खिली गुनगुनी धूप का आनंद लिया। बाजार में भी चहल-पहल देखने को मिली। सड़कों पर भी रौनक देखने को मिली। ठंड के साथ धूप का खिलना फायदेमंद है। जिसके साथ तापमान में भी मामूली इजाफा दर्ज किया गया। वीरवार को अधिकतम तापमान 13 डिग्री तथा न्यूनतम तापमान छह डिग्री दर्ज किया गया। मौसम में आद्रता 66 प्रतिशत तथा हवा की गति छह किलोमीटर दर्ज की गई। मौसम विभाग के अनुसार आगे मौसम शुष्क तथा परिवर्तनशील रहने वाला है। बादलवाई भी आकाश में देखने को मिलेगी। लगभग पखवाडे. के बाद वीरवार को अच्छी धूप खिली। जिसने लोगों को काफी राहत देने का कार्य किया। हालांकि बुधवार को धूप निकली थी लेकिन सुर्य तथा बादलो के बीच अटखेलियों का दौर चलता रहा। वीरवार को दिन का आगाज आंशिक धुंध तथा ठंड के साथ हुआ। दिन चढ़ने के साथ मौसम साफ हो गया ओर दोपहर को धूप खिल उठी, लोगों को धूप का आनंद लेते देखा गया। सडकों तथा बाजार में रौनक देखने को मिली। ठंड से ठप पड़ी दिनचर्या भी पटरी पर दिखाई दी। लगभग एक पखवाडे. तक धुंध, कोहरा तथा बादलवाई रहने और कडाके की ठंड से फसलों पर विपरित प्रभाव पड़ रहा था। सरसों में सफेद रतवा के लक्षण दिखाई देने लेगे थे। गेहूं में भी पीलेपन का खतरा मंडराने लगा था।





**कैथल।** ईगल्स क्लब के पदाधिकारी लोहड़ी उत्सव मनाते। *फोटो :हरिभूमि*

### लोहड़ी उत्सव-परिवार मिलन समारोह का आयोजन

**कैथल।** ईगल्स क्लब द्वारा पंजाबी सेवा सदन परिसर में लोहड़ी उत्सव व परिवार मिलन समारोह का आयोजन किया गया हर्षोल्लास से मनाए गए इस कार्यक्रम में ईगल्स परिवारों द्वारा अलाव जलाकर लोहड़ी के उत्सव पर प्यार आपसी भाईचारा को बढ़ावा देने तथा लुप्त हो रहे मानवीय रिश्तों में गरमाहट पैदा करने के लिए हास्य विनोद के लम्हे साझा किए गए क्लब के प्रधान अरविंद चावला की अध्यक्षता में पारिवारिक रंगारंग कार्यक्रम में बाल गोपाल के लिए फन गेम और नृत्य गायन में सब की भागीदारी ने खूब समां बांधा सचिव रोहित कालड़ा व सपना कालरा ने कार्यक्रम को बखूबी संचालित किया कोषाध्यक्ष तुलसी मदान का जन्मदिन भी सब ने मिलकर केक काट कर मनाया। पूर्व प्रधान यश तनेजा ने अपने कार्यकाल के उत्कृष्ट कार्य करने वाले अरविंद चावला व रोहित कालड़ा को सम्मानित किया। ईगल्स क्लब में नए शामिल हुए अमित सेठ, कपिल बतरा, संजय सेतिया व मनीष मेहता को क्लब द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पंजाबी सेवा सदन के प्रधान प्रदर्शन परूथी, यश तनेजा, रोहित मौजूद रहे।

**प्रेमपुरा के सतनाम सिंह ने 30 लाख की लागत से बनाया**

# गुरुद्वारे के ग्रंथी को मिला नया आशियाना

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कैथल

यूं तो कैथल जिले के प्रेमपुरा गांव का नाम विदेश में जाने वाले सबसे अधिक व्यक्तियों के गांव के नाम से जाना जाता है परंतु गांव के सरपंच प्रतिनिधि सतनाम सिंह ने अब ऐसा काम कर दिखाया है की उनके विकास कार्यों के चर्चे पूर जिले मैं ही नहीं बल्कि पूरे प्रदेश में हो रहे हैं। बता दें कि ग्राम पंचायत प्रेमपुरा की सरपंच परविंदर कौर के पति सतनाम सिंह ने अपने निजी कोष से आसपास के 10 गांवों के लिए एंबुलेंस की फ्री सेवा शुरू की हुई है, जो ग्रामीण एरिया में आपातकालीन सेवाओं के साथ-साथ गर्भवती महिलाओं और बीमार व्यक्ति के लिए बहुत मददगार साबित हो रही है। सरपंच प्रतिनिधि सतनाम सिंह ने बताया कि उनके पिता मुख्तियार सिंह सरपंच पद का चुनाव लड़ने के लिए खड़े हुए थे परंतु पंचायती चुनाव से कुछ ही महीने पहले सड़क हादसे में उनके पिता की मौत हो गई। उस समय इंग्लैंड में बिजनेस चला रहे थे। पिता का सपना साकार करने के लिए उसने इंग्लैंड से बिजनेस छोड़कर गांव में सरपंच पद का चुनाव लड़ने की ठान ली।



**कैथल।** ग्रंथी को नए मकान की चाबी सौपते सरपंच प्रतिनिधि सतनाम सिंह।

### सार्थक कदम उठा रहे

इसी कड़ी में उनके पिता द्वारा चुनाव के दौरान ग्रंथि के लिए मकान बनाने के वायदे को पूरा करते गुरुद्वारे के ग्रंथि को नया मकान बनाकर उसकी चाबी उसको सौंप दी है जिसकी चर्चा आसपास के इलाकों में खूब हो रही है और इसी तरह के न जाने कितने काम सरपंच द्वारा करवाए जा रहे हैं जिससे और सरपंचों को भी सीख मिल रही है। इसके साथ की ग्राम पंचायत प्रेमपुरा ग्रामीणों को शहर की तमाम बेहतर सुविधाएं गांव में ही लाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। वह चाहे स्वास्थ्य से जुड़ी सेवाएं हो या फिर अन्य रोजमर्रा से जुड़ी तमाम मूलभूत सुविधाएं हो। इनके साथ ही बात चाहे गांव में सफाई व्यवस्था की हो, बिजली, पानी या सिवरेज व्यवस्था की हो। गांव में ग्राम सचिवालय के लिए जगह नहीं थी परंतु सरपंच ने अपनी निजी जमीन पंचायत को दान कर दी, इसी तरह गांव में ई लाइब्रेरी बनाने का भी काम चल रहा है, इन सभी को बेहतरीन करने ग्राम पंचायत लगातार सार्थक कदम उठा रही है।



रेलवे रोड पर पूजित अक्षत सौंपते विहिप जिला प्रसार प्रमुख सत्यदेव चौबे।

### श्रीराम भारत की अस्मिता के प्रतीक : सत्यदेव चौबे

**सफीदों।** श्री रामतीर्थ क्षेत्र अयोध्या में 22 जनवरी को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के लिए पूजित अक्षत देकर निमंत्रण रामदूत घर-घर पहुंचा रहे हैं। इसी कड़ी में विश्व हिंदू परिषद के जिला संपर्क प्रमुख सत्यदेव चौबे की अगुवाई में नगर के रेलवे रोड़ पर दुकान-दुकान जाकर अयोध्या से आए पूजित अक्षत, राम मंदिर का चित्र व पत्रक देकर निमंत्रण दिया। इस मौके पर श्री सतनारायण मंदिर सभा के अध्यक्ष राकेश गोयल भोला व अग्रवाल वैश्य समाज के अध्यक्ष प्रवीन मित्तल विशेष रूप से मौजूद थे। राकेश गोयल भोला ने बताया कि 22 जनवरी को पुरानी अनाज मंडी स्थित श्री सतनारायण मंदिर प्रांगण में अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। संबोधन में सत्यदेव चौबे ने कहा कि 22 जनवरी को श्री रामलला को अयोध्या धाम में विराजमान किया जाएगा। सभी लोग अपने-अपने घरों में 22 जनवरी को घी के दीपक जलाकर दीपोत्सव मनाएं। मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम किसी एक धर्म, जाति या संप्रदाय के नहीं, बल्कि भारत की अस्मिता के प्रतीक हैं।

## खबर संक्षेप

### भाषण प्रतियोगिता में दिखाई प्रतिभा

जींद। नेहरू युवा केंद्र द्वारा मेरा भारत-विकसित भारत 2047 विषय पर जिला स्तरीय भाषण प्रतियोगिता का आयोजन सुविधा केंद्र अर्जुन स्टेडियम में किया गया। सभी खंडों से 28 प्रतिभागियों ने भाग लिया। मुख्यातिथि के तौर पर जिला खेल अधिकारी कुलदीप रेढू ने शिरकत की। जिला स्तर पर प्रथम स्थान वाले को रा'य स्तरीय भाषण प्रतियोगिता में भाग लेने का अवसर मिलेगा।

### आर्य स्कूल की अनन्या ने पाया दूसरा स्थान

जींद। आर्य वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय अहिरका की छात्रा अनन्या ने अर्जुन स्टेडियम में नेहरू युवा केंद्र संगठन द्वारा आयोजित जिला स्तरीय डेकलामेशन कांटेस्ट में दूसरा स्थान हासिल किया। प्रबंधक वजीर ढांडा और स्कूल प्रधानाचार्या सुधा शर्मा ने बताया कि प्रतियोगिता में 30 प्रतिभागियों ने शिरकत की थी। इसमें दो छात्राओं ने सोनू और अनन्या ने भाग लिया।

### सुलोचना देवी स्मृति भवन निर्माण का शुभारंभ आज

जींद। अध्यक्ष राजेश स्वरूप महाराज की अध्यक्षता में ग्रामीण आंचल के छात्रों के भविष्य को उज्वल बनाने के लिए प्रयासरत संस्था सुविधाओं में एक और कदम आगे बढ़ाते 12 को सुलोचना देवी स्मृति भवन का निर्माण कार्य शुरू करने जा रही है। विजय बंसल विस्तारित नींव पत्थर रखकर विद्यार्थियों के लिए सुविधाओं से भरी हुई भवन की सौगात के निर्माण का शुभारंभ करेंगे।

### घर में घुस गाली गलौज करने पर एक नामजद

जींद। गांव पेगां में घर में घुस कर धमकी तथा गाली गलौज करने पर अलेवा थाना पुलिस ने गांव के ही एक व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव पेगां निवासी राजेश ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गांव के सरपंच का बेटा सुरेंद्र उसके घर आया और गाली गलौज करते हुए बुरा अंजाम भुगतने की धमकी देने लगा।

### सट्टा खाईवाल करते दो काबू, 19 हजार बरामद

जींद। पुलिस ने दो स्थानों पर छापेमारी कर दो लोगों को सट्टा खाईवाल करते काबू कर कब्जे से 19 हजार रुपये की नगदी बरामद की है। संबंधित थाना पुलिस ने आरोपियों से पूछताछ शुरू कर दी है। सीआईए स्टाफ को सूचना मिली थी कि पुराना बस अड्डे के निकट कृष्णा कालोनी निवासी नरेश सट्टा खाईवाल का कार्य कर रहा है। पुलिस कार्रवाई करते हुए कृष्णा को काबू कर उसके कब्जे से 8460 रुपये की नगदी तथा सट्टा पर्ची बरामद की है।

### जींद: जनआक्रोश रैली में गरजी मिड-डे मील वर्कर्स

जींद। मिड-डे मील वर्कर्स यूनियन के नेतृत्व में वीरवार को करनाल में मिड-डे मील वर्करों की मांगों को लेकर आक्रोश रैली हुई। इस रैली में भारी संख्या में जींद, जुलाना, नरवाना, उचाना, उझाना, सफीदों, अलेवा, पिल्लूखेड़ा ब्लॉकों से मिड-डे मील वर्कर करनाल पहुंची। जिला सचिव सुनीता ने कहा कि सरकार मिड-डे मील कर्मचारी की तरफ कोई ध्यान नहीं दे रही है।

### बूथ योद्धा संगठन की सबसे बड़ी ताकतः रविंद्र

उचाना। जजपा प्रदेशाध्यक्ष रविंद्र सांगवान ने कहा कि बूथ योद्धा संगठन की सबसे बड़ी ताकत है। बूथ मजबूत होगा तो संगठन मजबूत होगा। संगठन मजबूत होगा तो अधिक से अधिक पार्टी के उम्मीदवार विधायक चुन कर विधानसभा पहुंचेंगे। डिप्टी सीएम को 2024 में प्रदेश का सीएम बनाने का लक्ष्य तय किया गया है।

### श्री राम नाम में अथाह शक्ति का बलः अहिरका

जींद। असमर्थ महिला कल्याण ट्रस्ट के प्रधान रामनिवास अहिरका ने कहा कि दो व्यक्ति आपस में मिलते थे तो अभिवादन के रूप में एक दूसरे को राम-राम बोलते थे। हिंदी का र अक्षर हमारी वर्णमाला का 27वां अक्षर, आ दूसरा अक्षर और म 25वां अक्षर होता है। तीनों के मेल की संख्या 54 और दो बार कहने से 108 बार परमात्मा के नाम की एक माला का जाप हो जाता था।

### पवित्र सरोवर में डुबकी लगाकर की मोक्ष की कामना

# पौष अमावस्या पर श्रद्धालुओं ने पिंडदान कर किया तर्पण

**दूर दराज से आए श्रद्धालुओं ने अपने पितरों की आत्मा की शांति के लिए पिंडदान किया तथा सूर्य देव को जलार्पण कर सुख समृद्धि की कामना की**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद



जींद। पौष अमावस्या पर पिंडारा तीर्थ पर पिंडदान करवाते श्रद्धालु।

पांडु पिंडारा स्थित पिंडतारक तीर्थ पर वीरवार को पौष अमावस्या पर श्रद्धालुओं ने ठंड के बीच सरोवर में स्नान किया तथा पिंडदान करके करके तर्पण किया। ऐतिहासिक पिंडतारक तीर्थ पर बुधवार को शाम से ही श्रद्धालुओं का पहुंचना शुरू हो गया था और पूरी रात धर्मशालाओं में सत्संग तथा कीर्तन आदि का आयोजन चलता रहा। वीरवार को तड़के से ही श्रद्धालुओं ने सरोवर में स्नान तथा पिंडदान शुरू कर दिया जो मध्यान्ह के बाद तक चलता रहा। इस मौके पर दूर दराज से आए श्रद्धालुओं ने अपने पितरों की आत्मा की शांति के लिए पिंडदान किया तथा सूर्य देव को जलार्पण करके सुख समृद्धि की कामना की।

जयंती देवी मंदिर के पुजारी नवीन शास्त्री ने बताया कि पिंडतारक तीर्थ के संबंध में किदवंती है कि महाभारत युद्ध के बाद पूर्वजों की आत्मा की शांति के लिए पांडवों ने यहां 12 वर्ष तक सोमवती अमावस्या की प्रतीक्षा में तपस्या की। बाद में सोमवती अमावस के आने पर युद्ध में मारे गए परिजनों की आत्मा की शांति के लिए पिंडदान किया। तभी से यह माना जाता है कि पांडु पिंडारा स्थित पिंडतारक तीर्थ पर पिंडदान करने से पूर्वजों को मोक्ष मिल जाता है। महाभारत काल से ही पितृ विसर्जन की अमावस्या, विशेषकर सोमवती अमावस्या पर यहां पिंडदान करने का विशेष महत्व है। यहां पिंडदान करने के लिए विभिन्न प्रांतों के लोग श्रद्धालु आते हैं। कड़ाके की ठंड व धुंध के बीच सुबह ही श्रद्धालुओं का आवागमन तीर्थ पर शुरू हो गया। तीर्थ पर पुलिसकर्मी पूरा दिन तैनात रहे। महिला घाटों पर महिला पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाई गई थी।

घाटों पर आटे के पिंडों के कारण फिसलन पैदा न हो, इसको ध्यान में रखते हुए घाटों पर पिंड डालने के लिए विशेष व्यवस्था रखी। वाहनों की आवाजाही को सुगम बनाए रखने के लिए वाहनों की पार्किंग व्यवस्था की तरफ पुलिस प्रशासन ने विशेष ख्याल रखा।

#### मेले में श्रद्धालुओं ने जमकर की खरीददारी

पिंडारा तीर्थ पर पौष अमावस्या पर पहुंचे श्रद्धालुओं ने जमकर खरीददारी भी की। तीर्थ पर जगह-जगह लोगों ने सामान बेचने के लिए फड़े लगाई हुई थी। जिस पर बच्चों तथा महिलाओं ने खरीददारी की। बच्चों ने जहां अपने लिए खिलौने खरीदे तो वहीं बड़ों ने भी घर के लिए सामान खरीदे।

# ठंड में लगेगा राजनीति का तड़का

- घोघड़िया में आज पहुंचेंगे डिप्टी सीएम 30 से ज्यादा कार्यक्रमों में शिरकत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उचाना



उचाना। डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला।

नए साल के आगाज होते ही सभी नेताओं ने अपना जनसंपर्क अभियान तेज कर दिया है। कड़ाके की ठंड के बीच शुक्रवार को राजनीति का तड़का लगेगा। दोपहर बाद घोघड़िया गांव में स्थनीय विधायक एवं डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला पहुंचेंगे। यहां पर 30 से अधिक जगहों पर कार्यकर्ताओं के वहां चाय पीएंगे तो विभिन्न सामाजिक कार्यक्रम में भी वो पहुंचेंगे। डिप्टी सीएम के कार्यक्रम को लेकर जेजेपी नेताओं, कार्यकर्ताओं के साथ-साथ ग्रामीणों में उत्साह है। डिप्टी सीएम का गांव में आगमन पर जोरदार स्वागत करने की तैयारी कार्यकर्ताओं द्वारा की गई है। डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला के निजी सचिव प्रो. जगदीश सिहाग ने बताया कि घोघड़िया गांव में दोपहर बाद डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला आएंगे। नागदेव पार्क में विभिन्न कायाएं का उद्घाटन, शिलान्यास करेंगे। उचाना से लितानी तक सड़क की चौड़ाई बढ़ेगी। इसके निर्माण को लेकर डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला शिलान्यास करेंगे। 7 जुलाई 2025 तक ये कार्य पूरा होगा। 3137 लाख रुपए की राशि इस पर खर्च होगी। उचाना कलां, उचाना खुर्द, काकड़ोद, नचार खेड़ा, दुर्जनपुर, उदयपुर के अलावा लितानी गांव के ग्रामीणों, वाहन चालकों को इसका फायदा होगा। घोघड़िया से कसूहन के रास्ते बड़ौदा तक जाने वाली सड़क जिसके निर्माण पर 280 लाख रुपए खर्च हुए।

## पिछड़ा वर्ग सम्मेलन चौदह को



जींद। इनेलो कार्यालय में वीरवार को पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ की जिलास्तरीय बैठक जिला संयोजक संदीप परमार की अध्यक्षता में आयोजित की। बैठक में मुख्यातिथि के रूप में पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के प्रदेशाध्यक्ष जयकुमार पंवार ने शिरकत की। वहीं बैठक में पार्टी जिलाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक रामफल कुंडू ने भी शिरकत की। प्रदेशाध्यक्ष जयकुमार पवार ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि इनेलो द्वारा 14 जनवरी को सिरसा के दशहरा ग्राउंड में प्रदेशस्तरीय पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में सम्मेलन को पार्टी के राष्ट्रीय प्रधान महासचिव व ऐलनाबाद विधायक अभय सिंह चौटाला संबोधित करेंगे। उन्होंने कहा कि जिस जमाने में पिछड़ा वर्ग व अनुसूचित जाति समाज को कोई नहीं पूछता था, उस समय में अगर दोनों समाजों को राजनीतिक व सामाजिक भागीदारी दी तो उनका नाम देवी लाल व ओमप्रकाश चौटाला है। जिन्होंने विशेष तौर पर विधानसभा व रा'यसभा में पिछड़ा वर्ग समाज को भागीदारी देकर मान-सम्मान देने का काम किया। वेद सिंह मुंडे, सुमित्रा देवी, भगवती दहिया, संतरो जागलान, शमशेर सेन, सुरेंद्र वर्मा, महेंद्र सिंह, जिले सिंह सहित मौजूद रहे।

### नरवानाः शहर के कई हिस्सों में गंदगी के ढेर

नरवाना। शहर की कई सड़कें कचरे के ढेर में तब्दील हो गई है। शहर भर में बिगड़ी सफाई व्यवस्था का यह आलम है कि शहर के कई हिस्सों में कचरे के ढेर परेशानी का कारण बन गए है। लेकिन उसके बावजूद नगर परिषद इस ओर गंभीर नहीं है। ऐसे में शहर में लगे कचरे के ढेरों में आवारा पशु मुंह मार रहे हैं जिससे कचरा पूरी सड़क पर बिखर रहा है। गंदगी के ढेर से कॉलोनियों और बाजार में जाने वाले राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। तेज हवा के बीच कूड़ा समय से नहीं उठने पर आसपास के एरिया में फैल कर गंदगी का कारण बन रहा है। जिससे लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वहीं डोर-टू-डोर के टेंडर खत्म होने के बाद शहर में गंदगी के ढेर लगने शुरू हो गए हैं।

# रेलवेकर्मियों की भूख हड़ताल जारी

- कर्मचारियों का बुढ़ापा कंपनियों के हाथ में ना दे सरकार : मेहर सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद



जींद। धरने पर बैठे रेलवे कर्मचारी। फोटो :हरिभूमि

पुरानी पेंशन बहाली संयुक्त मंच के आह्वान पर नोर्दर्न रेलवे मेंस यूनियन जींद शाखा द्वारा चार दिवसीय भूख हड़ताल रेलवे स्टेशन जींद जंक्शन पर चौथे दिन भी जारी रही। जिसकी अध्यक्षता सुमेर सिंह द्वारा की गई। इस क्रमिक भूख हड़ताल में लगभग 72 कर्मचारियों ने भाग लिया। शाखा सचिव मेहर सिंह ने बताया गया कि एनपीएस कर्मचारियों के लिए घातक है। एनपीएस कोई गारंटी पेंशन नहीं है। एनपीएस शेयर मार्केट पर आधारित एक स्कीम है जो की बिल्कुल भी भरोसेमंद नहीं है और एनपीएस में किसी भी प्रकार का महंगाई भत्ता, बढ़ोतरी का कोई भी प्रावधान नहीं है और किसी भी प्रकार से कर्मचारियों की सामाजिक सुरक्षा की गारंटी नहीं देती है। अगर वर्ष 2024 में सरकार द्वारा कर्मचारियों को पुरानी पेंशन की सौगात नहीं दी गई तो कर्मचारी और उनके परिवार व्यापक रूप से प्रचार करेगा और जो पेंशन की बात करेगा वही देश पर राज करेगा के नारे को सकारात्मक रूप देने का काम करें। कर्मचारी केवल पुरानी पेंशन के लिए लामबंद हैं। अगर सरकार द्वारा पुरानी पेंशन बहाल नहीं की जाती है तो कर्मचारी आने वाले समय में रेल का चक्का जाम करने को मजबूर होंगे। चंदन, सुमेर सिंह, सोनू कुमार, मोहन, विपिन, सुरेश, मनफूल मौजूद रहे।

### विधानसभा आश्वासन समिति मुआना में आज



जींद। विधानसभा की आश्वासन समिति 12 जनवरी को सफीदों विधानसभा क्षेत्र के मुआना गांव के निरीक्षण के लिए आ रही है। आज से चार वर्ष पहले मुआना को महाग्राम योजना में शामिल किया गया था। महाग्राम योजना में दस हजार से अधिक आबादी वाले गांवों को शामिल किया जाता है। जिसके तहत गांव में सीवरेज व्यवस्था, जल निकासी व जलापूर्ति जैसी व्यवस्था मुहैया करवानी थी लेकिन मुआना के चार साल पहले विकास कार्यों के टेंडर हो चुके थे और आज तक भी उनका काम पूरा नहीं हो पाया है जिसके चलते विधानसभा की आश्वासन समिति मुआना का दौरा करेगी। समिति में विधायक भारत भूषण बत्तरा चेयरमैन हैं और विधायक सुभाष गांगोली, विधायक बलबीर वाल्मीकि, विधायक इंदुराज नरवाल, विधायक आफताब अहमद, विधायक अमरजीत ढांडा, विधायक दुडा राम, विधायक महिपाल ढांडा, विधायक सीताराम यादव, विधायक राजेंद्र सिंह जून इसके सदस्य हैं। संबंधित विभागों के आला अधिकारी भी मौजूद रहेंगे।

# एफएलएन गतिविधियों का लिया जायजा

- एबीआरसी, बीआरपी एफएलएन का मजबूत आधार स्तम्भ : सतविंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद



जींद। एडीसी से मिलते जिला समन्वयक राजेश वशिष्ठ। फोटो :हरिभूमि

जिले की एफएलएन गतिविधियों का जायजा लेने के लिए निदेशालय की ओर से सतविंद्र ने एबीआरसी व बीआरपी के साथ बैठक की और उनसे एफएलएन गतिविधियों की शत-प्रतिशत पालना पूरी करवाने बारे विचार-विमर्श किया ताकि जिले में एफएलएन गतिविधियों को मजबूती मिले और बच्चे बिना किसी डर, भय के अपना शिक्षण कार्य करें।

सतविंद्र ने बताया कि एबीआरसी, बीआरपी एफएलएन का मजबूत आधार स्तम्भ है। जिला जींद एफएलएन गतिविधियों से बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। इसके लिए जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी डा. विजयलक्ष्मी और जिला समन्वयक राजेश वशिष्ठ पूरी तत्परता से कार्य कर रहे हैं। अभी हाल ही में शिक्षा विभाग ने रा'य के सभी प्राथमिक विद्यालयों के कक्षा पहली से तीसरी के बच्चों का एसेसमेंट पहली बार टीचर एप से लिया थाए जिसमें शिक्षकों और बच्चों ने बड़ी रूचि लेते हुए ऑनलाइन परीक्षा दी। शिक्षा विभाग की पहल शिक्षकों को स्वयं करके सीखने की भावना को प्रोत्साहित करता है और बच्चों ने इसमें उत्सुकता दिखाई यह अपने आप में खुशी की बात है कि बच्चे निपुण होने कि और अग्रसर है।



जींद। गोल्डन एरो अवार्ड के लिए चयनित डीएवी स्कूलों के छात्र। फोटो :हरिभूमि

### डीएवी के 13 छात्रों को मिलेगा राष्ट्रीय गोल्डन एरो अवार्ड

जींद। भारत स्काउट एंड गाइड के डीएवी जोन के कमीश्नर तथा क्षेत्रीय निदेशक डा. धर्मदेव विद्यार्थी ने कहा कि स्कूल के 13 छात्रों को गोल्डन एरो अवार्ड मिलेगा। डीएवी स्कूल जींद जॉन को भारत स्काउट और गाइड के अनुसार एक स्वतंत्र जिला बनाया गया है। जिसको जिला के आधार पर ही बांटा गया है, उसी के आधार पर जींद जोन के 28 छात्रों को गोल्डन एरो अवार्ड से नवाजा जाएगा। जिसमें से 13 छात्र डीएवी स्कूल के हैं तथा चार छात्र डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल जींद और पांच छात्र कलीराम डीएवी पब्लिक स्कूल जींद और चार छात्र डीएवी पब्लिक स्कूलए टोहाना तथा दो छात्र डीएवी रतिया के होंगे। यह पुरस्कार प्राइमरी स्तर के छात्रों को दिया जाता है जिसकी राष्ट्रीय स्तर पर परीक्षा होती है। भारत स्काउट और गाइड ऐसी संस्था है जो छात्रों में अनुशासन और आपसी सहयोग की भावना विकसित करती है। डीएवी स्कूल के छात्रों को सरकारी प्रावधान के अनुसार डीएवी संस्थान का भी लाभ मिलता है तथा अपनी प्रतिभा प्रदर्शन का दोहरा अवसर प्राप्त होता है। डीएवी पब्लिक स्कूल अर्बन एस्टेट के राष्ट्रीय गोल्डन एरो अवार्ड प्राप्त करने वाले छात्रों को जींद के विधायक डा. कृष्ण मिड्ढा द्वारा सम्मानित किया गया। डा. धर्मदेव विद्यार्थी ने कहा कि डीएवी के छात्र प्रत्येक क्षेत्र में आगे हैं।

# सी और डी की भर्ती पूरी करने की मांग

- जाट धर्मशाला में प्रदेशभर के अभ्यार्थी एकजुट, सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद



जींद। सीईटी और ग्रुप डी की भर्ती पूरा करने के लिए एकत्रित हुए युवा।

आगामी लोकसभा चुनावों से पहले ग्रुप सी और डी की भर्ती पूरी करने, नौकरियों की मांग को लेकर प्रदेशभर से बेरोजगार युवा वीरवार को जाट धर्मशाला में एकत्रित हुए। यहां से युवाओं ने प्रदर्शन शुरू किया और डीसी कार्यालय पहुंच कर डीसी को मांगों से संबंधित ज्ञापन सौंपा। किसान संगठन और दूसरे जनसंगठनों ने भी इन बेरोजगार युवाओं को समर्थन दिया और इनके सहयोग को लेकर साथ रहे। प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे युवाओं ने कहा कि अगर सरकार ने उनकी मांगों पर 26 जनवरी तक अमल नहीं किया तो आगे रणनीति बनाएंगे और आगामी चुनावों का बहिष्कार भी करने से पीछे नहीं हटेंगे।

जाट धर्मशाला में वीरवार दोपहर को प्रदेश भर से सरकारी नौकरी की तैयारी करने वाले युवा जुटे और बैठक की। भारतीय किसान यूनियन, किसान छात्र संगठन एकता, जनशक्ति मंच भी प्रदर्शन में पहुंचे। भाकियू युवा प्रदेश अध्यक्ष रवि आजाद, सिक्किम श्योकंद, विकास सिंसर, बिंद्र नंबरदार, शमशेर ढांडा, दीपक लाठर, सन्नी, परविंद्र, राजेंद्र, प्रवीन बूरा ने मांग की कि सीइटी ग्रुप सी के 32 हजार पदों के अलावा ग्रुप डी के 15 हजार पदों पर लोकसभा चुनावों से पहले भर्ती की जाए। हरियाणा पुलिस की भर्ती निकाली जाए।



नरवाना। स्कूल स्टाफ सदस्य। फोटो :हरिभूमि

### राजकीय माध्यमिक विद्यालय बिधराना ने लहराया परचम

नरवाना। राजकीय माध्यमिक विद्यालय बिधराना ने मुख्यमंत्री स्कूल सौंदर्यीकरण प्रतियोगिता के मिडल वर्ग में एक लाख रुपए का इनाम जीता। विद्यालय प्रभारी महावीर बनवाला ने कहा कि विद्यालय के स्टाफ ने गत वर्ष ही ठान लिया था कि मिडिल स्कूलों में रामावि बिधराना को सबसे सुंदर स्कूल का ख़िताब दिलवाना है और इसके लिए स्टाफ ने पहले लाखों रूपये जेब से खर्च करके पूरे विद्यालय में सीसीटीवी कैमरे, पौधे, गमले, पाँच पार्क निर्माण, मुख्य इमारत पर पेंट, स्टेज निर्माण, पूरे फर्नीचर सहित व्यवस्थित पुस्तकालय, कबाड़ में पड़े बैंचों की मुरम्मत करवाकर उन पर बोर्ड व सनमाइका लगवाकर बच्चों के बैठने की उत्तम व्यवस्थाए, कल्चरल फेस्ट के लिए बच्चों को अपने खर्चे पर तैयार करके राष्ट्रीय स्तर तक का सफर, पीने के पानी की उचित व्यवस्था करना, कचरा निपटान, सामान्य व शौचालय सफाई, जल प्रबंधन की व्यवस्था करना ये सभी कार्य स्टाफ ने अपने खर्चे पर किये और 400 अंकों की प्रतियोगिता में जिले में सर्वाधिक अंक प्राप्त किए है।

## टीबी को जड़ से समाप्त करने की कवायद

# बीसीजी टीकाकरण को लेकर किया सर्वे शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद



जींद। नागरिक अस्पताल स्थित जिला क्षय रोग केंद्र।

स्वास्थ्य विभाग द्वारा क्षय रोग (टीबी) को जड़मूल से समाप्त करने के लिए बीसीजी टीकाकरण अभियान शुरू किया है। अभियान से पहले स्वास्थ्य विभाग द्वारा एक विशेष तरीके का सर्वे किया जाएगा। जिसके तहत 18 वर्ष से ऊपर के लोगों की पहचान की जाएगी जो धूम्रपान करते हैं या पांच साल पहले क्षय रोग बीमारी से ग्रस्त हुए थे। या फिर परिवार में तीन साल पहले किसी को ये बीमारी थी। ऐसे लोगों का आंकड़ा एकत्रित किया जाएगा और फिर उनकी अनुमति लेकर उन्हें बीसीजी की वैक्सीन लगाई जाएगी। वर्ष 2023 में स्वास्थ्य विभाग को टीबी के 2800 मरीज मिले थे। जींद जिला में वीरवार से इस स्पेशल स्र्वे की शुरूआत कर दी गई है। सरकार के टीबी फ्री अभियान के तहत स्वास्थ्य विभाग ने जींद में सर्वे शुरू कर दिया है। अभियान के तहत आशा वर्कर्स घर-घर जाकर टीबी मरीज की पहचान करेंगी। इसके बाद सर्वे रिपोर्ट तैयार होगी और फिर बीसीजी वैक्सीन लगाने का शेड्यूल तैयार किया जाएगा। सर्वे में दो सप्ताह का समय लगेगा। वैकसीनेशन को लेकर कर्मियों को स्पेशल ट्रेनिंग भी दी जाएगी। सर्वे में जिन लोगों की पहचान होगी, उन्हें बीसीजी वैक्सीनेशन लगाने के लिए अनुमति ली जाएगी। पहले तीन महीने में प्रत्येक माह एक-एक वैक्सीन लगाई जाएगी। इसके बाद हर तीसरे माह में एक वैक्सीन लगाई जाएगी। यह पूरी प्रक्रिया तीन साल में संपन्न होगी। जिन लोगों को यह वैक्सीन लगाई जाएगी, स्वास्थ्य विभाग उनकी निगरानी व स्टडी भी करेगा कि तीन साल में वैक्सीन का क्या रिजल्ट निकलता है।

#### 2025 तक देश को टीबी फ्री करना लक्ष्य

जिला क्षय रोग अधिकारी डा. संदीप लोहान ने बताया कि सरकार 2025 तक देश को टीबी यानी तपेदिक या क्षय रोग से मुक्त बनाने का लक्ष्य रखा है। बीसीजी वैक्सीन लगाने के लिए सर्वे शुरू कर दिया गया है। आगामी दो से तीन सप्ताह में बीसीजी वैक्सीन लगाने का शेडयूल तैयार कर दिया जाएगा। टीबी के मरीज को इलाज की पूरी अवधि के दौरान 500 रुपये प्रतिमाह पौष्टिक आहार भत्ता दिया जाता है। टीबी से ग्रसित मरीज को चाहिए कि अपने खानपान का विशेष ध्यान रखें, संतुलित आहार का सेवन करें। नियमित रूप से दवाई लें, धूम्रपान व शराब का सेवन बंद करें।



उचाना। भजन-कीर्तन में गीत गाते अशोक पुजारी। फोटो :हरिभूमि

### भजन-कीर्तन में जमकर झूमे श्रद्धालु

उचाना। महाराजा अग्रसेन मंदिर में कीर्तन का आयोजन हुआ। मंदिर पुजारी अशोक शर्मा द्वारा भगवान राम की महिमा के साथ-साथ 22 जनवरी को होने वाले राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा पर भजन सुना कर श्रद्धालुओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। पुजारी अशोक शर्मा ने कहा कि जिस दिन का पूरे देश को इंतजार था वो दिन आ गया है। 22 को अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा होगा। ये दिन पूरे देश के लिए गर्व का दिन है। इस दिन का हर कोई इंतजार कर रहा था। पूरे देश इस दिन को दीवाली के पर्व की तरह मनाएगा। पुजारी ने कहा कि भजन-कीर्तन के लिए समय निकाल कर भगवान के नाम का सिमरण करना चाहिए। मनुष्य के अंत समय कुछ जाता है तो अच्छे, बुरे कर्म है। जीवन में अच्छे कर्म करेंगे तो दुनिया में हम हमेशा जिंदा रहेंगे क्योंकि अच्छे कर्म करने वालों को हमेशा याद किया जाता है। बुरे कर्म करने वालों को कभी याद नहीं किया जाता। मौत के बाद लोग बुरे कर्म करने वालों को याद नहीं करते है। इसलिए मरने के बाद भी जिंदा रहना है तो अच्छे कर्म करें।

## खबर संक्षेप



### लोगों को जातिवाद के नाम पर बांट रही प्रदेश सरकार

**पूंडरी।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पंडित कंवरपाल करोड़ा ने कहा कि वर्तमान भाजपा सरकार जनता को जातिवाद, धर्म व क्षेत्रवाद में बांट रही है। फतेहपुर में ग्रामीण सभा को संबोधित करते हुए करोड़ा ने कहा कि प्रदेश की जनता अब सरकार की दमनकारी नीतियों से दुखी हो चुकी है। आए दिन गर्मी हो या सर्दी कोई न कोई वर्ग के लोग अपनी मांगों को लेकर सरकार के खिलाफ धरने व प्रदर्शन करने पर मजबूर है।

### अलग-अलग मामलों में तीन युवतियां लापता

**कैथल।** कैथल के अंबाला रोड स्थित एक कॉलेज में पढ़ने आई 19 वर्षीय युवती के गायब होने का मामला प्रकाश में आया है। इस संबंध में कैथल शहर की एक कॉलोनी के व्यक्ति ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया है कि उसकी 19 वर्षीय बेटी 10 जनवरी को कैथल के अंबाला रोड स्थित एक कॉलेज में पढ़ने के लिए आई थी लेकिन वह वापस घर नहीं लौटी। उन्होंने उसकी आसपास तलाश की लेकिन कोई पता नहीं चला।

### अपहरण के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**कैथल।** एक व्यक्ति का अपहरण करके पैसे मांगने की मामले की जांच सीआईए-1 पुलिस के एसआई जयभगवान की टीम द्वारा करते हुए गांव रल्ली जिला पटियाला पंजाब निवासी कुलदीप सिंह उर्फ इन्द्रजीत को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गांव कौल निवासी मीना की शिकायत अनुसार 9 जनवरी को उसका पति योगेश किठाना से अपने घर आ रहा था। तो उसके पास एक अनजान नंबर से काल आया कि तुम्हारा पति हमारे कब्जे में है, 5 लाख रुपये दो नहीं तो उसे मार देंगे।

### मारपीट कर मां-बेटे को घायल किया

**कैथल।** जिले के गांव जखोली में हुई मारपीट में मां बेटा घायल हो गए। उन्हें अस्पताल में दाखिल करवाया गया है। जाखोली के धर्मवीर ने तितरम पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया है कि 9 जनवरी को उसके भाई महावीर ने लाठी से मारपीट करते हुए उसे तथा उसकी मां को घायल कर दिया। बाद में आरोपी मौके से फरार हो गया। मामले के जांच अधिकारी एएसआई वीरेंद्र सिंह ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### जीवन में उल्लास बिखेरता है लोहड़ी पर्व : शास्त्री

**पूंडरी।** पुण्डरी कस्बे के प्रसिद्ध पंडित रवि दत्त शास्त्री ने लोहड़ी पर्व के बारे में बताया की लोहड़ी वस्तुतः खुशी मनाने का पर्व है जिस घर में संतान जन्मी हो या शादी हुई हो वह लोहड़ी बांटते है। मूंगफली , रेवडीया ,मक्के के भुने हुए दाने ,तिल गुड़ आदि सामग्री को मिलाकर बांटने को ही लोहड़ी बांटना कहा जाता है । घर के आगे या खुले मैदान में लोहड़ी जलाई जाती है। उपले लकड़ियां इकट्ठी कर आग जलाई जाती है सभी लोग अग्नि को भोग लगाते हैं।

## पात्र लोगों व परिवारों को मौके पर मिल रहा सरकारी योजनाओं का लाभ

# गरीब परिवारों के लिए वरदान साबित हो रही विकसित भारत संकल्प यात्रा

### महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री कमलेश ढांडा ने गांव सिसला और सिसमोर में बतौर मुख्य अतिथि की शिरकत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री कमलेश ढांडा ने कहा कि देशभर में चल रही विकसित भारत संकल्प यात्रा पात्र परिवारों के लिए वरदान साबित हो रही है। यात्रा के माध्यम से पात्र लोगों व परिवारों को केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ मौके पर ही उपलब्ध करवाया जा रहा है। महिला एवं बाल विकास राज्यमंत्री कमलेश ढांडा गांव सिसला और सिसमोर में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि शिरकत करने के दौरान ग्रामीणों को संबोधित कर रही थी। इस मौके पर उन्होंने विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई स्टॉल का निरीक्षण किया और पात्र वंचितों को कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रदान किया।

राज्यमंत्री कमलेश ढांडा ने कहा कि सरकार का दायित्व समाज के हर वर्ग का कल्याण करना है। मौजूदा सरकार भी इसी दिशा में कार्य कर रही है। बिना किसी भेदभाव के समाज के सभी वर्गों को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ सुनिश्चित किया जा रहा है।



**कैथल।** महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री कमलेश कार्यक्रम में विद्यार्थियों के साथ।



**कैथल।** एससी आयोग सदस्य रवि तारावाली का स्वागत करते ग्रामीण।

### गांव रसूलपुर और फिरोजपुर में जन संवाद कार्यक्रम आयोजित

**सीवन।** विकसित भारत संकल्प यात्रा जन संवाद कार्यक्रम के तहत गांव गांव रसूलपुर और फिरोजपुर में कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में एससी आयोग सदस्य रवि तारावाली ने शिरकत की और विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई स्टॉलों का अवलोकन किया तथा मौके पर ही योजनाओं से वंचित व्यक्तियों को कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित किया। इस दौरान उपस्थित ग्रामीणों को वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प भी दिलाया। एससी आयोग सदस्य रवि तारावाली ने कहा कि इस कार्यक्रम के माध्यम से हर पात्र व्यक्ति तक केन्द्र व प्रदेश सरकार की सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाया जा रहा है। अंत्योदय की भावना से लाईन में खड़े अंतिम व्यक्ति तक योजना का लाभ पहुंचे। उसी दिशा में केंद्र व प्रदेश सरकार निरंतर कार्य कर रही है।

### गांव कल्लर माजरा व डेरा बाजीगर में पहुंची यात्रा

**गुहला-चीका।** विधायक ईश्वर सिंह ने कहा कि हर जरूरतमंद पात्र व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ लेकर विकसित भारत संकल्प यात्रा पहुंच रही है। सरकार का मुख्य उद्देश्य हर जरूरतमंद पात्र व्यक्ति को जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ देकर आत्मनिर्भर बनाना है। विधायक ईश्वर सिंह कहा कि गांव कल्लर माजरा व डेरा बाजीगर में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा जन संवाद कार्यक्रम में शिरकत करने के दौरान बोल रहे थे। सबसे पहले उन्होंने विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई स्टॉलों का निरीक्षण किया।



**कैथल।** चौ. ईश्वर सिंह कन्या महाविद्यालय में आयोजित एनएसएस शिविर में शामिल छात्राएं।

## सात दिवसीय एनएसएस शिविर का समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी

- पोस्टर मेकिंग तथा स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिता करवाई

चौधरी ईश्वर सिंह कन्या महाविद्यालय, पुंडरी में आयोजित सात दिवसीय एनएसएस शिविर के अंतिम दिन का आरंभ प्रार्थना, योगाभ्यास तथा प्राणायाम के साथ किया गया। उसके पश्चात छात्रों ने कविता पाठ, गीत गायन तथा नृत्य विधा प्रस्तुत की। उसके पश्चात प्राचार्या महोदया डॉ शशि किरण, डॉ मीनू सिंगल डॉक्टर विनय खुरानिया ने पोस्टर मेकिंग तथा स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिता के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली स्वयं सेविकाओं का परिणाम घोषित किया।

उसके पश्चात डॉक्टर निधि वत्स ने छात्राओं से अनेक विषयों को समग्र रूप से ग्रहण करते हुए चर्चा की। तत्पश्चात महाविद्यालय की प्राचार्या महोदया ने छात्राओं को एनएसएस के विषय में बताया। भोजन अवधि के उपरांत कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के एनएसएस समन्वयक डॉक्टर आनंद कुमार ने शिविर में शिरकत की। डॉक्टर सोनिया दहिया ने उन्हें तथा महाविद्यालय प्राचार्या को आमंत्रित किया। दीप प्रज्जवलन के उपरांत महाविद्यालय प्राचार्या डॉ शशी किरण ने एनएसएस समन्वयक का स्वागत किया। उनके प्रति आभार अभिव्यक्त किया । तत्पश्चात एनएसएस स्वयंसेविकाओं ने समन्वय के समक्ष अपनी नृत्य एवं गायन संबंधी प्रस्तुतियां दी। उसके पश्चात एनएसएस समन्वयक डॉक्टर आनंद कुमार ने स्वयं सेविकाओं को संबोधित किया तथा अनेक प्रतियोगिता में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय आने वाली स्थान ग्रहण करने वाली स्वयंसेविकाओं को सम्मानित भी किया।

उसके उपरांत महाविद्यालय के प्राचार्या डॉक्टर शशी किरण ने सात दिवसीय शिविर का समापन किया। इस अवसर पर महाविद्यालय की मैनेजमेंट कमेटी के सेक्रेटरी प्रवीण मित्तल, रीना देवी तथा अमित भी उपस्थित रहे।

## छात्रों ने जागरुकता रैली निकाली

- स्वामी विवेकानंद जयंती कैथल के राजकीय आईटीआई में आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

राजकीय आईटीआई में नेहरू युवा केंद्र कैथल द्वारा 12 जनवरी 2024 को कैथल के राजकीय आईटीआई राष्ट्रीय युवा सप्ताह के दौरान स्वामी विवेकानंद जयंती मनाई जाएगी। इसमें कार्यक्रम की अध्यक्षता उपासना सिंह एसपी कैथल करेंगे। विशिष्ट अतिथि के तौर पर डा. रेनू चावला सीएमओ कैथल रहेंगी। इसके अलावा सतीश मछाल प्रिंसिपल आईटीआई कैथल, सुश्री दीक्षा मिश्रा जिला यूथ ऑफिसर नेहरू युवा केंद्र कैथल जिला कैथल के विभिन्न युवा कल्बों के प्रतिनिधि कार्यक्रम में भाग लेंगे। इसमें डॉक्टर प्रद्युमन भला प्रिंसीपल गवर्नमेंट स्कूल कैथल मेरा भारत विकसित भारत पर व्याख्यान देंगे कार्यक्रम में जाने-माने कलाकार कर्मवीर फौजी भी अपनी प्रस्तुति देंगे। इसके बाद दोपहर 12:15 पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कार्यक्रम में लाइव प्रेजेंटेशन देंगे जिसको प्रोजेक्टर के माध्यम से देखा जाएगा और कार्यक्रम के अंत में सड़क सुरक्षा को लेकर पुलिस विभाग के नेतृत्व में आईटीआई के छात्रों व युवा क्लब प्रतिनिधियों के द्वारा शहर में जागरूकता रैली निकाली जाएगी।

इस कार्यक्रम की तैयारी को लेकर आज आईटीआई के वरिष्ठ वर्ग अनुदेशक सुरेंद्र सिंह, शमशेर सिंह मलिक ब्लॉक यूथ कोऑर्डिनेटर ऑफिसर व नेहरू युवा केंद्र की जिला युवा अधिकारी दीक्षा मिश्रा ने अधिकारीयों व कर्मचारियों की मीटिंग ली और कार्यक्रम बारे दिशा निर्देश दिए।



**कैथल।** राजकीय आइटीआई में मीटिंग करते पदाधिकारी।

### दिव्यांगता अभिशाप नहीं : लीलाराम

**कैथल।** विधायक लीला राम ने कहा कि दिव्यांगता कोई अभिशाप नहीं है। दिव्यांगजनों ने बहुत से क्षेत्रों में देश का नाम रोशन किया है। दिव्यांगजनों की हल्की सी मदद करके हम उनकी मंजिल पाने में उनकी मदद कर सकते हैं। दिव्यांगजन को कृत्रिम अंग मिलना उसकी शारीरिक कमी की पूर्ति होने के समान है। विधायक लीला राम राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में जिला रैडक्रॉस सोसायटी के सहयोग से सहायक उपकरण एवं आधुनिक कृत्रिम अंग वितरण शिविर में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। सहायक उपकरण एवं आधुनिक कृत्रिम अंग वितरण कार्यक्रम में कैलश भगत अति विशिष्ट अतिथि के रूप में पहुंचे।

## प्राथमिक चिकित्सा की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सीवन

सीवन के पी.एम. श्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में लाइफ स्किल डेवलपमेंट शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में अनुसूचित वर्ग के बच्चों में भाग लिया। शिविर में बच्चों को रोजाना विभिन्न प्रकार के क्रिया कलाप करवाए जाते हैं। बृहस्पतिवार को रेडक्रास से आए अंजू शर्मा ने बच्चों को प्राथमिक चिकित्सा के विषय बताया है। उन्होंने बच्चों बताया कि गर्मी के मौसम में बच्चों के नाक से खून बहने पर, बिल्ली या कुत्ते के काटने पर, आग लगने पर किस प्रकार से बचाव किया जा सकता है। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि पानी में डूबने वाले व्यक्ति को किस प्रकार से बचाना है, दुर्घटना होने पर घायल अथवा बेहोश व्यक्ति को किस प्रकार से बचाया जा सकता है, इसके साथ ही सांप के काटने पर किस प्रकार से बचाव करें।



**कैथल।** सीवन में आयोजित शिविर में बोलते हुए अतिथिगण।

## बलकार सिंह ने शैलजा के नेतृत्व में ज्वाइन की कांग्रेस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी

पूंडरी हलके की राजनीतिक सरगर्मियां तेज हो गई हैं, क्योंकि हलके के वरिष्ठ नेता चौ. बलकार सिंह ने नई दिल्ली में भारत सरकार में पूर्व केंद्रीय मंत्री, हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी की पूर्व अध्यक्षा व वर्तमान में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की सी.डब्ल्यू.सी. सदस्या बहन कुमारी शैलजा के नेतृत्व में हल्का पूंडरी की पूरी टीम के साथ कांग्रेस ज्वाइन की। इस मौके पर असंध हल्के से विधायक शमशेर गोगी भी उपस्थित रहे। गौरतलब है कि बलकार सिंह का पूंडरी हल्के की राजनीति में महत्वपूर्ण स्थान है, उनका कुमारी शैलजा के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी ज्वाइन करना हल्के में चर्चा का विषय बना हुआ है। बलकार सिंह वालीबॉल के नैशनल लेवल के खिलाड़ी रहे हैं।



**कैथल।** दिल्ली में कुमारी शैलजा के साथ बलकार सिंह, साथ में विधायक शमशेर गोगी।

## अक्षत कलश मंदिर में किया स्थापित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सीवन

अयोध्या से पूजित अक्षत कलश का सीवन प्रखंड के गांव कांगथली में पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया। इस पूजित अक्षत कलश को गांव के श्री गोपेश्वरनाथ मन्दिर में स्थापित किया गया। इससे पूर्व इस अक्षत कलश के साथ पूरे गांव में शोभा यात्रा निकाली गई जिसका गांव के लोगों ने कई स्थानों पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। यह जानकारी देते हुए विश्व हिन्दू परिषद के कार्यकर्ता बंटी फर्शमाजरा ने बताया कि प्रखंड सीवन के प्रत्येक गांव में यह पूजित अक्षत कलश पहुंच रहे हैं और इन्हें गांवों के मन्दिरों में स्थापित किया जा रहा है। यहीं से यह पीले चावल निमंत्रण के रूप में प्रत्येक घर में पहुंचाये जाएंगे। उन्होंने बताया कि यह हम सबके लिए बहुत बड़े सौभाग्य की बात है कि अयोध्या से पूजित अक्षत कलश गांव में श्री गोपेश्वरनाथ मंदिर में स्थापित किया गया। सीवन खंड के पालक व विश्व हिंदू परिषद के प्रखंड अध्यक्ष राजेश आर्य सीवन ने बताया कि अब अयोध्या से आए हुए यह पीले चावल शिव मंदिर से निमंत्रण के रूप में हर घर तक पहुंचाए जाएंगे ताकि प्रत्येक घर इस गौरव को प्राप्त कर सके। कलश को लेकर मंदिर के पुजारी व गणमान्य व्यक्तियों द्वारा गांव की परिक्रमा करके मंदिर में कलश स्थापित किया।



**कैथल।** सीवन के गांव कांगथली में शोभा यात्रा निकालते ग्रामीण



**कैथल।** नशा न करने बारे जागरूक करते पुलिस कर्मचारी।

### विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान आमजन को नशा न करने के बारे में किया जागरूक

**कैथल।** पुलिस टीम द्वारा कैथल जिले में आमजन को नशे के दुष्परिणामों बारे लगातार जागरूक किया जा रहा है। इसी मुहिम तहत वीरवार को जागरूकता टीम में शामिल इंस्पेक्टर सतीश कुमार, पीएसआई रामलाल, एचसी सुखबीर सिंह, एचसी सुनील कुमार व चालक संजय दत्त की टीम द्वारा कैथल में विकसित भारत संकल्प यात्रा दौरान आमजन को नशा ना करने बारे जागरूक किया गया। डीएसपी कुलदीप बेनीवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस टीम द्वारा लगातार आमजन को अवगत करवाया जा रहा है कि नशा किसी भी व्यक्ति के लिए किसी प्रकार से हितकारी नहीं हो सकता। नशा करने वाले व्यक्ति को समाज हीनता की दृष्टि से देखता है। इसलिए किसी को किसी प्रकार के नशे की लत में नहीं पड़ना चाहिए। विद्यार्थी वर्ग को पढाई व खेलों में ध्यान लगाकर मेहनत करके राष्ट्र निर्माण में योगदान करना चाहिए।

## ग्रामीण प्रतियोगिता से ही निकलकर सामने आती हैं प्रतिभाएं : राणा

# फुटबॉल में फतेहपुर ने खरड़ जींद को 3-0 गोल से हराया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी

गांव टयोंठा में श्री विशन सिंह स्पोर्ट्स क्लब द्वारा 19वीं फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ सरपंच बिरजू राणा ने किया। प्रतियोगिता का शुभारंभ करते हुए बिरजू राणा ने पहले दोनों टीमों फतेहपुर व खरड़ (जींद) के बीच में होने वाले मुकाबले के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया व रीबन काटकर शुभारंभ किया। प्रतियोगिता की अध्यक्षता प्रधान अंकुर चौहान व सचिव मलकीत सिंह ने की।

गुरुवार को हुई प्रतियोगिता में पहले मैच में फतेहपुर ने खरड़ जींद को 3-0 गोल से, दूसरे मैच में शाहपुर में मोहन को 2-0 के गोल से, भुना ने उझाणा को 3-0 गोल से व मुन्नारेड्डी ने जड़ौला को 4-1 गोल से हराया। प्रतियोगिता में बहुत ही रोमांचकारी मैच देखने को मिले। कड़े मुकाबले के बाद विजेता टीमों ने अपने प्रतिद्वंदियों को हराते हुए प्रतियोगिता में अपना स्थान बनाए रखा। प्रतियोगिता में संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि सरपंच बिरजू राणा ने कहा कि खेल को खेल की भावना से खेलना चाहिए।



**पूंडरी।** टयोंठा में आयोजित फुटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ करते हुए सरपंच बिरजू राणा।

### कोई भी प्रतियोगिता छोटी नहीं

कोई भी प्रतियोगिता छोटी नहीं होती है। ऐसी ग्रामीण प्रतियोगिताओं से ही प्रतिभाएं निकलकर के सामने आती हैं। जो आगे प्रदेश और देश का नाम रोशन करती हैं। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेलने वाले खिलाड़ी भी शुरुआत में ऐसी ही प्रतियोगिताओं से अपना करियर शुरू करते हैं। उन्होंने क्लब द्वारा करवाई जा रही इस प्रतियोगिता की प्रशंसा करते हुए कहा कि उन्हें भविष्य में भी उन्हें किसी भी प्रकार का सहयोग उनसे चाहिएगा तो वह सहयोग के लिए हमेशा तत्पर रहेंगे। इस मौके पर क्लब के कोषाध्यक्ष सरवन शर्मा, विकास राणा, प्रदीप, काला, दीपू, पवन कुमार, राजेंद्र, वेदपाल, जॉनी व पुष्पेंद्र शर्मा भी मौजूद थे।

## विद्यार्थियों को दी जा रही कौशल की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजौंद

सरकारी स्कूल सोंगल में राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का शुभारंभ एस एम सी प्रधान प्रवीण कुमार व प्राचार्य ओम प्रकाश चावल द्वारा माता सरस्वती और राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस दौरान प्रवीण कुमार ने बताया की राष्ट्रीय सेवा योजना का उद्देश्य ही दूसरों की सेवा करना हैं। उन्होंने कहा कि इसके साथ.साथ स्वयं सेवकों को समाज में सेवा भावना पैदा करना चाहिए ताकि अधिक से अधिक लोगों तक यह संदेश पहुंचाया जा सके। इस दौरान स्कूल प्राचार्य ओम प्रकाश चावला ने स्वयंसेवकों से कहा कि यह शिविर आपके लिए विशेष अवसर लेकर आया है। इस शिविर के माध्यम से आप अपने अंदर सेवाए अनुशासन और आत्म समर्पण के गुणों को विकसित करें। जिससे आपके व्यक्तित्व का विकास हो। इस दौरान कार्यक्रम अधिकारी मामला राम ने अतिथियों कार्यक्रम में पहुंचने पर स्वागत किया। उन्होंने बच्चों से एक अच्छे इंसान बनने के लिए शिविर के दौरान दी जाने वाली जानकारी का सदुपयोग करने का आह्वाहन किया। उन्होंने कहा कि इस 7 दिवसीय शिविर में अपने व्यक्तित्व में काफी परिवर्तन देख सकते हैं।

**सूचना**

मैं, देशबन्धु पुत्र नरेन्द्रलाल पुत्र बखतारवमल निवासी हनुमान नगर, नरवाना तह. नरवाना जिला जीन्द बयान करता हूं कि मेरी पुत्री खुशबु मेरे व मेरी पत्नी के कहने-सुनने से बाहर हैं। इसलिये मैं इसको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इससे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**सूचना**

मैं, पदम सिंह पुत्र श्री रामसरूप निवासी गांव बुढाखेड़ा तहसील व जिला कैथल बयान करता हूं कि मेरा पुत्र अमन बैनीवाल मेरे कहने-सुनने से बाहर है। इसलिये मैं इसको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इससे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## खबर संक्षेप



### पारुल ने तुलसी बांटने का शुरू किया अभियान

**गुहला-चीका।** राज्य स्तरीय बालिका पुरस्कार से सम्मानित डी.ए.वी. कॉलोनी चीका निवासी पारुल ने इस वर्ष में तुलसी के पौधे बांटने का संकल्प लिया है। इस संकल्प को पूरा करने के लिए पारुल ने महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री कमलेश ढांडा को व महिला एवं बाल विकास विभाग की संयुक्त निदेशक राजबाला कटारिया को तुलसी के पौधे भेंट कर अपने संकल्प को पूरा करने के की शुरूआत की। वर्ष 2021 से पारुल पर्यावरण को बचाने के लिए कार्य कर रही है।

### कांग्रेस की जन संदेश यात्रा 17 जनवरी से

**उचाना।** कांग्रेस प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सुरेंद्र श्योकंद ने कहा कि 17 जनवरी को कांग्रेस संदेश यात्रा की शुरूआत हिसार लोकसभा से होगी। हिसार में जनसभा करने के बाद हिसार लोकसभा के हलकों में यात्रा पहुंचेंगी। कांग्रेस पूर्व प्रदेशाध्यक्ष कुमारी शैलजा, कांग्रेस राष्ट्रीय महासचिव रणदीप सुरजेवाला, पूर्व मंत्री किरण चौधरी हिस्सा लेंगी।

### समाज सेवा का दूसरा नाम लायंस क्लब

**उचाना।** रजबाहा रोड पर लायंस क्लब उचाना के तत्वाधान में रिजन मीटिंग एवं सीएलएलआई ट्रेनिंग का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के तौर पर लायंस गर्वनर अशोक मनचंदा दिल्ली, वाइस डिस्ट्री गर्वनर विशाल बढेरा पहुंचे। रिजन चेयरमैन वीरेंद्र प्रधान की अध्यक्षता। पास्ट गर्वनरन अरूण पुरी, पास्ट चंद्रशेख महता बतौर ट्रेनर पहुंचे थे।

### उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला आज जींद में

**जींद।** उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा ने बताया कि हरियाणा के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला शुक्रवार को जींद जिले का दौरा करेंगे। इस दौरान वे सफीदों रोड स्थित दीप पैलेस में प्रातः 11 बजे कार्यकर्ताओं की बैठक लेंगे। इसके बाद सायं तीन बजे उपमुख्यमंत्री उचाना खंड के घोघड़ियां गांव में विकास परियोजनाओं की आधारशीला व उद्घाटन भी करेंगे और लोगों की समस्याएं सुनेंगे।

### सुनैना बने इनेलो के जुलाना विस प्रभारी

**जुलाना।** इनेलो नेत्री सुनैना चौटाला को इनेलो ने दोबारा फिर से जुलाना विधानसभा की प्रभारी बनाया है। इनेलो नेत्री सुनैना चैटाला ने कहा कि पार्टी ने जो जिम्मेवारी उन्हें सौंपी है वो उस पर खरा उतरते हुए संगठन को बढ़ाने का काम करेगी। सुनैना ने कहा कि जुलाना हलका पूर्व उप प्रधानमंत्री देवी लाल की नीतियों को देख कर पार्टी से जुड़ा है। जनता भाजपा की नीतियों के चलते त्रस्त है।

---

### दीवार निर्माण की मांग कई बार कर चुके लोग

# जर्जर हो कर गिरने लगी रेलवे की दीवार, विभाग बेखबर

- वार्ड नंबर सात की गली में रहने वाले लोग सहमे
- दीवार को बने हो चुका 30 साल का समय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उचाना



**उचाना।** वार्ड नंबर सात गली में रेलवे माल गोदाम की तरफ गिरी दीवार।

शहर के वार्ड नंबर सात में नपा के पुराने ऑफिस के सामने वाली गली के साथ लगती रेलवे की दीवार जर्जर होकर गिरने लगी है। यहां कई साल पहले अपने आप कई जगहों से दीवार गिर चुकी है तो कई महीनों से दीवार में आई दरार के बाद गुरूवार रात दीवार गिर गई। शुक्र है कि दीवार रेलवे मालगोदाम की तरफ गिरी गली की तरफ दीवार गिरती तो कोई हादसा हो सकता था। दीवार के साथ महिलाएं बैठ जाते हैं तो बच्चे भी गली में खेलते रहते है। कई बार दीवार का नए सिरे से निर्माण की मांग कर चुके है लेकिन कोई समाधान नहीं हो रहा है। जर्जर हो चुकी दीवार के गिरने के चलते लोगों में डर बना हुआ है। गली में छोटे बच्चे खेलते रहते है ऐसे में कोई हादस होने का डर भी बना हुआ है। वार्ड की महिलाएं जींद में रेलवे के अधिकारियों से इसको लेकर मिलकर लिखित में नए सिरे से दीवार निर्माण की मांग करके आई थी।

जोगीराम, विक्की, नौरंग जैन, उदित, दीपांशु, राजेश, रामनिवास, संदीप ने कहा कि करीब 30 साल पहले रेलवे ने दीवार का निर्माण करवाया था। इस दीवार का निर्माण सिर्फ रेलवे करवा सकता है क्योंकि रेलवे एरिया में दीवार बनी है। जर्जर हो कर कई जगहों से पहले भी दीवार गिर चुकी है। शुक्रवार को जब गली में लोगों का आवागमन शुरू हुआ तो कुछ जगह से दीवार गिरी मिली जिसमें कई महीनों से दरार आ चुकी थी। ये दीवार रात को रेलवे मालगोदाम की तरफ गिरी इसलिए कोई हादसा होने से बच गया। दीवार पर अपने खर्च पर समय-समय पर लोग रिपेयर करवाते रहते है जिससे गली के कुछ हिस्से में जहां दीवार गिरने वाली है वो गिरने से बच गई है। कई बार रेलवे के अधिकारियों से मिल चुके है। रेलवे के अधीन दीवार होने के चलते नपा भी इसका निर्माण नहीं करवा पा रही है। उन्होंने कहा कि गली में बच्चे सुबह, शाम खेलते रहते है, दीवार के सहारे महिलाएं भी शाम को बैठ जाती है। ऐसे में हादसा होने का डर बना हुआ है। इसको लेकर डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला, सांसद बृजेंद्र सिंह भी लोग मिलेंगे क्योंकि दीवार की स्थिति ये हो चुकी है कि कभी भी दीवार गिर सकती है।

#### रेलवे अधिकारी से मिलेंगे नपा चेयरमैन

*नपा चेयरमैन विकास काला ने बताया कि रेलवे के एरिया में दीवार बनी है ऐसे में नपा इसको बना नहीं सकती है। इसको लेकर रेलवे के अधिकारी से मिलकर दीवार को नए सिरे से बनवाने की मांग करेंगे। नपा पत्र भी रेलवे को नए सिरे से दीवार बनाने के लिए लिखेगी क्योंकि ये दीवार काफी जर्जर हो चुकी है।*

---

# मिड-डे मील वर्कर करनाल रवाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजौंद



**राजौंद।** करनाल आक्रोश रैली में रवाना होने के पहले राजौंद में नारेबाजी करते हुए।

मिड डे मील वर्कर यूनियन हरियाणा संबंधित सीटू की ओर से की जा रही करनाल सी एम सिटी मे रैली में शामिल होने के लिए राजौंद के विभिन्न गांव से मिड डे मील वर्करों का जत्था सुदेश गुलियाना के नेतृत्व में रवाना हुआ। इस दौरान मिड डे मील वर्करों ने बताया आज कमर तोड़ महंगाई के चलते कड़ी मेहनत के बाद मिड डे मील वर्कर को न उन्होंने कहा कि सरकार उन्हें 10 की बजाय पूरे 12 महीने का वेतन दे, वर्दी बत्ता 2000 मिलना चाहिए, हर महीने दो छुट्टी मिलनी चाहिए, सभी हटाई गई वर्करों को दोबारा काम पर रखा जाना चाहिए और जब तक पक्के कर्मचारी की नियुक्त का दर्जा नहीं मिलता उन्हें न्यूनतम वेतन 26000 रुपए महीना मिलना चाहिए। वेतन हर महीने की 7 तारीख से पहले उनके बैंक खाते में मिलना चाहिए। अगर सरकार उनकी मांगों को अनदेखा करती है तो आने वाले चुनाव में सरकार को खामियाजा भुगतना पड़ेगा। इस दौरान राजबाला, चंद्रपति रोहेड़ा, संतोष माजरा, विद्या खुरडा, गुड्डी नीमवाला, कमलेश नरवल, कृष्ण कसान, कविता फरियाबाद, सुनीता कोटड़ा, नरेश शर्मा राजौंद सहित कई मिड डे मील वर्कर मौजूद थी।

# हमीरगढ़ में बनेगी हॉकी खेल नर्सरी

- पूरे जिला जींद में हमीरगढ गांव में एकमात्र खेल नर्सरी हुई है पास
- ग्रामीण क्षेत्र के खिलाड़ियों को मिलेगी सुविधाएं



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरवाना

हमीरगढ गांव में हॉकी खेल नर्सरी बनाने को लेकर मंजूरी मिल चुकी है। जिसमें खेल से सम्बंधित स्टेडियम का उनके मानकों अनुसार निर्माण किया जाएगा व खिलाड़ियों को बेहतरीन मार्गदर्शन के लिए कोच व खेल का सामान दिया जाएगा। हल्के के विधायक रामनिवास सुरजाखेडा ने बताया कि उन्होंने खेल नर्सरी के लिए मुख्यमंत्री मनोहर लाल से वार्ता की थी जिसके परिणाम स्वरूप हॉकी खिलाडियों का अंतराष्ट्रीय स्तर पर देश को पहचान दिलाने में योगदान को देखते हुए गांव हमीरगढ को हॉकी नर्सरी का तोहफा दिया गया है। उन्होंने बताया कि कृते निदेशक खेल विभाग द्वारा खेल नर्सरी की सूची जारी की गई है जिसमें नरवाना विधानसभा क्षेत्र के गांव हमीरगढ़ को हॉकी खेल नर्सरी मिली है। यह पूरे जिले में एकमात्र खेल नर्सरी पास हुई है। इन खेल नर्सरी को खोले जाने से सरकार का उद्देश्य है ग्रामीण क्षेत्रों के प्रतिभावान खिलाड़ियों को खेल से संबंधित सुविधाएं मुहैया कराना है। इसके अलावा अंडर-14 खिलाड़ियों को पंद्रह सौ रुपए व इस उम्र से ऊपर अंडर-17 व अंडर-19 के खिलाड़ियों को दो हजार रुपए प्रतिमाह प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। इसमें कुल 25 प्रतिभावान खिलाड़ियों को मौका मिलेगा।

# 4 फरवरी को रोहतक में सकसं की रैली

- सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ सर्व कर्मचारी संघ ने खोला मोर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल



**कैथल।** कर्मचारियों को न्योता देते पदाधिकारी।

कर्मचारियों की लम्बित मांगों को लेकर व सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा 4 फरवरी को रोहतक में जोरदार रैली करेगा। इसकी तैयारियों को लेकर पब्लिक हेल्थ, आईटीआई, मार्केट कमेटी, खाद्य आपूर्ति विभाग, वेयर हाउस, हैफेड व पशुपालन विभाग में टीमें चलाकर कर्मचारियों से संपर्क साधा गया और कर्मचारियों से ज्यादा से ज्यादा संख्या में रैली में शामिल होने का आह्वान किया गया। सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा की टीम ने शामिल जिला सचिव मास्टर रामपाल शर्मा, राज्य उपप्रधान जरनैल सिंह, जिला वरिष्ठ उपप्रधान ओमपाल भाल, उपप्रधान छज्जू राम, कैशियर रामकुमार व ऑडिटर जयप्रकाश टीक ने बताया कि प्रदेश सरकार लगातार आंदोलनों की अनदेखी कर रही है।

# गाय के गोबर से जीवाणु खाद बनाना सीखा

- महिला किसानों ने कीटों की पहचान व कीटों के महत्व पर बने लोकगीत गाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



**जींद।** प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लेते हुए महिला किसान।

हरियाणा कृषि प्रबंधन एवं विस्तार प्रशिक्षण संस्थान हमेटी में वीरवार को महिला किसानों का प्राकृतिक खेती पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न हुआ। प्रशिक्षण में महिला किसानों ने गाय के गोबर व गौमूत्र की मदद से जीवाणु खाद तथा नीमएआकए धतूरा आदि से जैविक कीटनाशक बनाने सीखे। हमेटी में प्राकृतिक खेती के प्रशिक्षक डा. सुभाष चंद्र ने बताया कि इस प्रशिक्षण में महिला किसानों को प्राकृतिक खेती करने के तरीके, प्राकृतिक तरीके से पैदा किए अनाज व फलों का मूल्य संवर्धन करना, किसानों का समूह बना कर प्राकृतिक खेती का पंजीकरण करवाना आदि सिखाया गया। इस प्रशिक्षण में देशी गाय के गोबर व गोमूत्र की मदद से रसायन मुक्त जीवाणु खाद बनाना भी महिला किसानों को सिखाया गया। डा. सुभाष ने बताया कि गाय के एक ग्राम गोबर में 300 से 400 करोड़ जीवाणु होते हैं जो खेती के लिए लाभकारी होते हैं। 10 किलोग्राम गाय के गोबर में 10 लीटर गौमूत्र, 2 किलो गुड व 2 किलो बेसन तथा पेड़ के नीचे की 500 ग्राम मिट्टी से जीवामृत तैयार किया जाता है।

#### छह वर्षों से खेत में नहीं कर रहे रासायनिक खाद का प्रयोग

गांव चांदपुर से आई महिला किसान नीलम देवी ने बताया कि वह अपने खेतों में पिछले छह वर्षों से कोई रासायनिक खाद प्रयोग नहीं करते हैं। केवल जीवामृत व घनजीवामृत के प्रयोग से बढ़िया फसल ले रहे हैं। प्राकृतिक खेती के प्रशिक्षण में आईए कीट साक्षरता मिशन से जुड़ी महिलाओं ने लोकगीता गाए।

# बेसहारा पशुओं को पकड़ने का अभियान चलाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुहला-चीका



**गुहला-चीका।** बेसहारा गायों व आवारा पशुओं को पकड़ते हुए नपा कर्मचारी।

नगरपालिका चीका ने सड़कों पर घूम रहे बेसहारा व आवारा पशुओं को पकड़ने के लिए आज फिर एक विशेष अभियान चलाया। मालूम रहे कि नपा ने चार दिन पहले भी कुछ पशुओं को पकड़ा था।

नगरपालिका कर्मचारियों के पशु पकड़ो अभियान में शहर के कई समाजसेवी संस्थाओं से जुड़े हुए लोग भी साथ दे रहे हैं। जानकारी के अनुसार पिछले कुछ समय से लोग यह शिकायत कर रहे थे कि जहां कड़कड़ाती ठंड में रात को गौवंश खुले में रहने के कारण ठिठुरता रहता है और एक-एक करके दम तोड़ रहा है, वहीं धुंध व कोहरे के चलते रात को दुर्घटनाएं भी बढ़ रही थी, जिसमें पशु भी चोटिल हो रहे थे और लोग भी दुर्घटनाओं का शिकार हो रहे थे। नपा अधिकारियों ने उक्त अभियान में आम लोगों का भी समर्थन मांगा था, जिसका असर हुआ। शुरू किए गए अभियान की नपा वाइस चेयरपर्सन प्रतिनिधि राजीव शर्मा ने स्वयं निगरानी की बताया कि उक्त अभियान चलाया जा रहा है।

#### शिकायतें मिलने पर चलाया जा रहा है अभियानः

नपा कर्मचारियों द्वारा शुरू किए गए अभियान बारे जानकारी देते हुए नपा सचिव राजेश शर्मा ने बताया कि रात के अंधेरे में कुछ लोग गाय व अन्य पशुओं को सड़कों पर छोड़ जाते हैं और पंजाब बार्डर से भी कुछ लोग पशुओं को चुपके से चीका की तरफ छोड़ जाते हैं, जिस कारण नगरपालिका जितने भी पशुओं को पकड़ती है तो अगले दिन उतने ही पशु फिर सड़कों पर होते हैं। उन्होंने गौशाला कमेटी व आम लोगों का आह्वान किया है कि वे नप का सहयोग करें।

#### गायों की सेवा में कोई कोर कसर नहीं छोड़तेः जिन्दल

गौशाला चीका के प्रधान सुशील जिन्दल ने कहा कि गौशाला के सदस्य व कर्मचारी गायों की सेवा में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहे हैं। जिन्दल ने कहा कि गायों को सूखा व हरे चारे के साथ-साथ उन्हें सर्दी से बचाने के लिए गुड़ आदि की भी व्यवस्था है और घायल होने वाली गायों के लिए डॉक्टर व दवाओं की भी पूरी व्यवस्था है। उन्होंने लोगों से अपील की है कि वे गौशाला में आएं और गायों की सेवा करें तथा गौ माता के लिए ज्यादा से ज्यादा दान भी दें ताकि गायों के लिए ओर भी ज्यादा उचित व्यवस्था की जा सके।

# पंच वजीर सिंह को दिया गया गांगोली के कार्यवाहक सरपंच का कार्यभार

- कार्यवाहक सरपंच चुनाव में 16 में से 11 पंच हुए हाजिर, पांच रहे गैरहाजिर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिल्लूखेड़ा



जींद। कार्यवाहक सरपंच बने वजीर सिंह को लड्डू खिलाते हुए ग्रामीण।

पिल्लूखेड़ा के बीडीपीओ कार्यालय में बीडीपीओ विकास कुमार की अध्यक्षता में गांगोली गांव के कार्यवाहक सरपंच का चुनाव किया गया। गांव के सभी 16 पंचों में से 11 पंच हाजिर हुए, पांच पंच गैरहाजिर रहे। हाजिर पंचों ने वार्ड नं. 14 के पंच वजीर सिंह पुत्र ईश्वर सिंह को कार्यवाहक सरपंच का कार्य भार दिया गया। काबिलेगौर है कि गांगोली गांव के सरपंच कृष्ण देशवाल का प्रमाण पत्र फर्जी मिलने से सरपंच कृष्ण देशवाल को अयोग्य घोषित करके बर्खास्त कर दिया गया था। जिसके चलते प्रशासन ने उनके स्थान पर निर्वाचित पंचों में से ही किसी एक पंच को कार्यवाहक सरपंच बनने के लिए 19 अप्रैल 23 की तारीख दी गई थी लेकिन उस समय चुनाव स्थगित कर दिया गया था और उसके बाद सभी पंचायत सदस्यों को 8 जनवरी 2024 की तारीख दी गई। जिसको भी अधिकारियों के न आने से स्थगित कर दिया गया था। जिसके चलते ग्रामीणों की नाराजगी इस कदर बढ़ गई कि कुछ ग्रामीणों ने जिला उपायुक्त से मामले की शिकायत की थी।

# सरकार कर रही है आशा वर्कर्स को आंदोलन के लिए मजबूर : राजबाला

*जींद। आशा वर्कर्स यूनियन की जिला सचिव राजबाला ने कहा कि आशा वर्कर्स का मानदेय पिछले छह माह से नही मिल पा रहा है। जिसके चलते वर्कर्स को आर्थिक तंगी का सामना करना पड़ रहा है। लगातार 73 दिन की हड़ताल करने के बाद 16 अक्टूबर 2023 को मुख्यमंत्री मनोहर लाल के प्रधान सचिव आरके खुल्लर से बैठक के दौरान जारी हुए पत्र में में आशा वर्कर्स को हड़ताल के दौरान अगस्त से अक्टूबर के छह हजार रुपये प्रति महीना और अक्टूबर 2018 से अप्रैल 2019 तक का छह महीने का 500 रुपये प्रति महीने के हिसाब से एरियर को स्वास्थ्य मंत्री द्वारा रोका जा रहा है। जबकि हड़ताल के दौरान का काम भी आशा वर्कर्स द्वारा पूरा किया गया है। जिसका मानदेय उन्हें मिलना चाहिए। इसके अलावा विभाग द्वारा भी आशा वर्कर्स को हड़ताल के दौरान की पेमेंट न भरने के लिए दवाब बनाया जा रहा है और विभाग द्वारा आशा वर्कर्स यूनियन हरियाणा के लीडरों को रिकॉर्ड चैक करने के नाम पर धमकाया जा रहा है और आंदोलन के लिए उकसाया जा रहा है। मजबूरीवश इन सबके विरोध में आशा वर्कर्स को आंदोलन के लिए मजबूर होना पड़ रहा है।*

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो वह निम्न टेलीफोन नम्बरों पर कार्यालय समय पर सूचित करें :-
हुड्डा कॉम्पलेक्स, डी.आर.डी.ए. के सामने, जीन्द
हरिभूमि कार्यालय, करनाल रोड, जाट स्टेडियम के सामने, कैथल
फोन : 8295157800, 8814999186, 8814999166, 9253681005

### साइबर ठगों से रहें सावधान व सतर्क

**जींद।** उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा ने डिजिटल व सोशल मीडिया के दौर में बढ़ते साइबर अपराधों के मद्देनजर नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि वे साइबर ठगों से सावधान व सतर्क रहें। किसी भी प्रकार के साइबर फ्रॉड से बचने के लिए अपनी गोपनीय जानकारी, ओटीपी, पासवर्ड आदि किसी के साथ शेयर न करें और न ही किसी झांसे में आएं। किसी भी कारणवश साइबर अपराध का शिकार होने पर केंद्र सरकार के पोर्टल नेशनल साइबर क्त्राइम रिपोटिंर्ग पर शिकायत दर्ज की जा सकती है। सरकार के इस पोर्टल की मदद से यूजर को ऑनलाइन शिकायत दर्ज करने की सुविधा मिलती है। इस पोर्टल पर सभी तरह के साइबर अपराध की शिकायत की जा सकती है। केंद्र सरकार के नेशनल साइबर क्त्राइम रिपोटिंर्ग पोर्टल पर इस तरह के अपराध की शिकायत की जा सकती है। इस पोर्टल के साथ यूजर्स अपने साथ हुए किसी साइबर अपराध की ऑनलाइन शिकायत दर्ज करवा सकते हैं।

**बैठक** लिंगानुपात में सुधार के लिए गंभीरता से कार्य करें अधिकारी : एडीसी

### एडीसी ने जिलास्तरीय टास्क फोर्स की बैठक कर की गतिविधियों की समीक्षा

# लिंग जांच या भ्रूण हत्या में संलिप्तों व की सूचना देने पर मिलेगा प्रोत्साहन

- लिंगानुपात में अव्वल रहने वाले गांवों की लडकियों को दी जा रही प्रोत्साहन राशि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



**जींद।** बैठक को संबोधित करते एडीसी। फोटो :हरिभूमि

जिला में लिंगानुपात में सुधार के लिए अधिकारी गंभीरता से अपना दायित्व निभाएं और जिन क्षेत्रों में लिंगानुपात में सुधार की जरूरत है, उन्हें चिन्हित कर विशेष अभियान के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जाए। यह निर्देश अतिरिक्त उपायुक्त डा. हरीश वशिष्ठ ने स्थानीय लघु सचिवालय के कान्फ्रेंस हाल में जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक की अध्यक्षता करते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को दिए। बैठक में टॉस्क फोर्स द्वारा की जा रही गतिविधियों की प्रगति की समीक्षा की गई और इस संबंध में अधिकारियों को जरूरी दिशा निर्देश दिए गए। बैठक में नरवाना के एसडीएम अनिल कुमार दून, सफीदों के एसडीएम मनीष कुमार फोगाट, सिविल सर्जन डा. गोपाल गोयल, डिप्टी सिविल सर्जन डा. रमेश पांचाल, डा. पाले राम कटारिया, डीपीओ सलोचना कुंडू, डीसीपीओ सुजाता सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। डा. हरीश वशिष्ठ ने स्वास्थ्य, शिक्षा व महिला एवं बाल विकास विभाग एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों से कहा कि वे जिला में लिंगानुपात संतुलन को लेकर आपसी तालमेल के साथ कार्य करते हुए सहयोग दें। जिला के जिन क्षेत्रों में लिंगानुपात कम है उन क्षेत्रों में विशेष अभियान चला कर आमजन को जागरूक किया जाए। इसके अलावा आंगनबाड़ी केंद्रों व ग्राम पंचायतों में विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से जागरूक करने के साथ-साथ लोगों को बेटियों की शिक्षा के लिए प्रेरित भी करें। उन्होंने कहा कि पीसीपीएनडीटी अधिनियम का जिला में पालन कराने के लिए स्वास्थ्य विभाग के साथ-साथ जिला प्रशासन तत्पर है। जिला में जितने भी अल्ट्रासाउंड केंद्र संचालक हैं, उन्हें पीएनडीटी अधिनियम के तहत जुड़े नियमों का पालन करना चाहिए। उन्होंने बताया कि ऐसे अल्ट्रासाउंड सेंटर जो पीएनडीटी एक्ट का उल्लंघन कर भ्रूण की जांच कर रहे हैं, उनका पर्दाफाश करने के लिए आम नागरिक की भागीदारी भी जरूरी है। पीएनडीटी एक्ट की उल्लंघना करने वाले लोगों को रंगे हाथ पकड़वाने के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा एक लाख रुपये की प्रोत्साहन राशि देने की भी घोषणा की गई है और जानकारी देने वाले का नाम भी गुप्त रखा जाता है, इसके लिए लोगों को आगे आना चाहिए। उन्होंने छापेमारी अभियान से जुड़े सभी विभागों के अधिकारियों से कहा कि जिला में अल्ट्रासाउंड सेंटरों पर औचक निरीक्षण करते रहें और कम लिंगानुपात वाले क्षेत्रों में निगरानी करते रहे। गर्भवती महिलाओं का रिकार्ड मैनटेन रखें। डीपीओ ने बताया कि लिंगानुपात में सुधार के लिए कर्मियों द्वारा सतर्कता के साथ कार्य किया जा रहा।